### उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग

# असिस्टेंट प्रोफेसर

एवं

# राजकीय डिग्री कालेज (GDC)

# राजनीति विज्ञान

## सॉल्वड पेपर्स


**प्रधान सम्पादक**

आनन्द कुमार महाजन

**लेखन सहयोग**

राजनीति विज्ञान परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण, चरन सिंह

**संपादकीय कार्यालय**

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

**मो. : 9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**www.yctbooks.com/ www.yctfastbooks.com**



**© All rights reserved with Publisher**



**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने ओम सांईं ऑफसेट, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।



इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

**₹ 395/-**

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची

## असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा


■ परीक्षा पाठ्यक्रम ........ 3-4

**उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग**

■ उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2021 ........ 5-19

■ उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2016 ........ 20-29

■ उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2014 ........ 30-37

**उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग**

■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग राजकीय डिग्री कॉलेज (GDC) परीक्षा 2021 ........ 38-53

■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग राजकीय डिग्री कॉलेज (GDC) परीक्षा 2017 ........ 54-63

■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग राजकीय डिग्री कॉलेज (GDC) परीक्षा 2013 ........ 64-75

**राजस्थान लोक सेवा आयोग**

■ राजस्थान लोक सेवा आयोग असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2020 (Paper-I) ........ 76-103

■ राजस्थान लोक सेवा आयोग असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2020 (Paper-II) ........ 104-137

■ राजस्थान लोक सेवा आयोग असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2014 (Paper-I) ........ 138-157

■ राजस्थान लोक सेवा आयोग असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2014 (Paper-II) ........ 158-179

**उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग**

■ उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2017 ........ 180-191

**मध्य प्रदेश लोक सेवा**

■ मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2017 ........ 192-217

**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग**

■ छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2019 ........ 218-233

■ छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2016 ........ 234-252

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**

■ हरियाणा लोक सेवा आयोग असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2017 ........ 253-272

# SYLLABUS
# POLITICAL SCIENCE

## U.P. HIGHER EDUCATION SERVICES COMMISSION

**Unit-1. Political Theory**

Concepts and Issue - Democracy, Liberty, Equality, Justice, Nationalism, Behaviouralism and Post-Behaviouralism

Multiculturalism, cosmopolitanism, Neo-Liberalism, Post-Modernism, Feminism

**Unit-2. Political Thinkers (Indian and Western)**

Ancient Indian Political Thought : Manu, Kautilya and Shanti Parva (Mahabharata), The Indian Renaissance

Greek Political Thought : Plato and Aristotle.

Western Political Thought–I : Machiavelli, Hobbes, Locke, Rousseau.

Western Political Thought –II : Bentham, J.S. Mill, Hegel, Marx, Green and Mao

Contemporary Political Thought – I : Gramsci, Althusser, Hannah Arendt

Contemporary Political Thought–II : Rawls and Nozic.

Modern Indian Thought : Tilak, Jay Prakash Narayan, Gandhi and Ambedkar.

**Unit-3. Comparative Political and Political Analysis**

Evolution of Comparative Politics as a discipline; Nature and Scope.

Approaches to the study of Comparative Politics : Traditional, Structural–Functional, Systems, Neo–Institutionalism, Political economy approach. Constitutionalism: Concepts & forms.

Forms of Government : Unitary – Federal, Parliamentary–Presidential.

Organs of Government: Executive, Legislature, Executive–Legislative relationship in comparative perspective, models of State : Capitalist, Socialist, Development & Welfare State.

Party Systems and Pressure Groups; Electoral Systems.

Political Development and Political Modernization.

Political Culture and Political Socialization.

Revolution : Theories and Types.

Dependency : Development and Under Development.

**Unit–4. Political Institutions in India**

Ideological Bases of the Indian Constitution, Preamble, Fundamental Right and Duties and Directive Principles, Constituent Assembly Debates.

Constitutional Amendments and Review.

Structure and Process – I : President, Prime Minister, Council of Ministers, Working of the Parliamentary System.

Structure and Process – II : Governor, Chief Minister, Council of Ministers, State Legislature.

Judiciary : Supreme Court, High Courts, Judicial Review, Judicial Activism including Public Interest Litigation Cases, Judicial Reforms.

**Unit– 5. Political Processes in India**

Panchayati Raj Institutions : Urban, Local self governments-their organization and functions.

Federalism : Theory and Practice in India; Demands of Autonomy and Separatist Movements; Emerging trends in Centre – State Relations.

Political Parties, Pressure Groups, Public Opinion, Media.

Elections, Electoral Behaviour, Election commission and Electoral Refroms.

Politics of Identity and Democratic upsurge : caste, gender & ethnicity.

Demand of New States, Emerging Trends in Indian Politics.

**Unit–6. Theories of Public Administration**

Nature, Scope and significance of Public Administration

Evolution of Public Administration as a Discipline with a special focus on New Public Administration and New Public Management

Classical Theory – Fayol, Luther Gullick, Marry Parker Follet

Scientific Management Theory-F.W. Taylor

Theory of Bureaucracy - Max Weber and its critics

Ecological Theory- F.W. Riggs

**Unit-7. Public Administration In India**

Development and Welfare Administration.

Planning, Impact of liberalization on planning, Nitit Ayog.

Personnel Administration : Recruitment, Training & Promotion, role of UPSC and State PSC.

Bureaucracy – Its Characteristics, Civil servant – Minister relationship. Committed Bureaucracy.

Financial Administration: Budget, Audit, control over Finance with special reference to India.

**Unit-8. International Relations**

**Theories and approaches to international relations**

Realism, Neo-Realism

Liberalism, Neo-Liberalism

Idealism, Social Constructivism, Critical Theory

Concept of Nation-State, empire

National Interest

Power in International Relations

Peace and conflict analysis, approaches to peace,

Perspectives on Conflict analysis and resolution

**History of International relations**

First and second world wars, Cold war, League of nations, United Nations

**Contemporary issues** in International Relations

Globalization, Environmental issues, Climate Change negotiations, Civil Wars, Global Terrorism

**Political economy in international relations**

GATT, World Trade organization, Regional Trade Organizations (ASEAN, NAFTA, SAARC)-structures and functioning

**Unit-9. Indian Foreign Policy**

History, geography and economy factors as determinants of Indian Foreign Policy History of India's relations with neighbors during Mauryan empire, Mughal Empire and British Empire

India's foreign policy since independence, Non-alignment, Wars in South Asia India's Relations with Neighbouring countries (with special reference to Pakistan, China, Afghanistan, Bangladesh, Nepal, Srilanka, Bhutan, South East Asia)

Rise of Europeans Union, Global Governance

Globalization and Indian Foreign policy

Rise of China, Brazil, Russia and India in International Relation

BRICS, RIC, Shanghai, Cooperation Organization.

India's Security Concerns amidst Chinese Assertion, Pakistan support to cross border terrorism.

**Unit-10. Public Policy in India**

Good Governance; Governance, Good Governance and Democratic Governance Problems of Administrative Corruption; Transparency and Accountability; Right to Information.

Grievance Redressal Institutions : Ombudsman, Lokpal and Lokayukta.

Institutional mechanisms for good governance: Right to information, Consumer Protection Act, Citizen Charter; Grievance redressal system: Ombudsman, Lokpal, Lokayukta

Grassroots Governance: Panchayati Raj Institutions and their functioning

Monitoring and evaluation of public policy; mechanisms of making governance process accountable: jansunwai, social audit.

Major flagship programmes of the Government : MANREGA, NRHM, Ayushman Bharat, Ujjawala Yojana

E-governance in India: National e-governance programme, Digital India Programme, Kisan Call Centres.

# UP GOVERNMENT DEGREE COLLEGE

State-Theories of Sovereignty– Monistic, Pluralistic, Theories of origin of State-Divine, Force, Social Contract, Evolutionary, and Marxian, Theories of function of State-Liberal, Socialist and Welfare, Concepts - Rights, Liberty, equality and Justice and Secularism.

**Political Theories–** Liberalism, Marxism & Gandhism, Theories of Representation, Public Opinion, Pressure Groups & Political Parties.

**II.**

**Main Ideas of following political thinkers–**

Plato, Aristotle, St Thomas, Aquinas, Machiavelli, Hobbes, Locke, Rousseau, Montesquieu, Bentham, J.S. Mill, Hegal, T. H. Green, Karl Marx, Kautilya, Manu, Tilak, Gandhi, Nehru, Dr. Ambedkar, John Rawls.

**III.**

**Comparative Political Approaches–** Traditional, Behavioral and Post-Behavioral Comparative politics, Comparative Government-Relation and Distinction, Concepts of political System, Classification of political System (British and American Models, Dictatorship, Totalitarian political system) political Development, Modernization, Theories of political culture, concept and role of civil society.

**IV**

**Land Marks of Indian Freedom Movement,**
**The Indian Constitution.**

Basic Features, Fundamental Rights and Duties, Directive Principles of State policy, Indian federal system, Legislature, Executive and Judiciary, Panchayati Raj System in Indian Urban Local Self Government.

**V**

The study of International polities and Relation, Realist, Liberal and System theory of International politics, National power, National Interest, National Security, Balance of power, Collective security, Disarmament and Arms Control, diplomacy and cold war, United National and its organs NAM, ASEN, SAARC, European Union. The third world politics, New International Economic Order (NIEO), Indian Foreign policy and Relation, Foreign policies of U.S.A. Russia and China, Issue of Human Rights and International Law Globalization.

**VI.**

Evolution of Public Administration as discipline, Organization, Theories of Organization, Principle of Organization, Personnel Administration, Bureaucracy and Civil Services, Financial Administration, Indian Administration– Evolution and main features.

# उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग परीक्षा-2021

# राजनीति विज्ञान

**व्याख्यात्मक हल प्रश्न पत्र** [परीक्षा तिथि : 28.11.2021

**1. By which amendment inter-state allocation of seats in the Lok Sabha freezed another twenty five years until 2026?**
**किस संविधान संशोधन के द्वारा लोकसभा के सीटों का अंतर-राज्य आवंटन अगले पच्चीस वर्षो 2026 तक स्थिर कर दिया गया है ?**

(a) 91st Amendment/91वां संशोधन
(b) 92st Amendment/92वां संशोधन
(c) 93st Amendment/93वां संशोधन
(d) 94st Amendment/94वां संशोधन

**Ans. (a) :** अनुच्छेद 81 के अनुसार लोकसभा, राज्यों से 530 से अनधिक और संघ राज्य क्षेत्रों से 20 से अनधिक अर्थात् कुल 550 प्रतिनिधि सदस्यों से मिलकर बनेगी।
लोकसभा में राज्यों को जनसंख्या के आधार पर सीटें आवंटित होती हैं। लोकसभा में राज्यवार सीटों का आवंटन 1971 की जनगणना पर आधारित है। जबकि प्रत्येक राज्य का प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजन 2001 की जनगणना (87वें संविधान-संशोधन अधिनियक्रम, 2003 से) पर आधारित हैं। 91 वाँ संविधान संशोधन में 84 वाँ संविधान संशोधन के तहत किये गये प्रावधानों को संलग्न के रूप में शामिल किया गया है। जिसके अनुसार यह निर्धारण सुसंगत आकडे प्रकाशित होने तक यथातव रहेगा।

**2. Which of the following is not a pressure group?**
**निम्नांकित में कौन-सा दवाब समूह नहीं ?**

(a) Student Federation/स्टूडेण्ट फेडरेशन
(b) Indian National Congress/भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
(c) AITUC/ए.आई.टी.यू.सी.
(d) Chamber of Commerce/चेम्बर आफ कॉमर्स

**Ans. (b) :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अतिरिक्त दिये गये सभी समूह दबाव/हित समूह हैं।
दबाव समूह (Pressure Groups):- अपने हितों की वृद्धि एवं प्रतिरक्षा के संदर्भ में गठित सक्रिय समूह को दबाव समूह कहा जाता है। जैसे- छात्र संघ, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आदि।
दबाव समूह की अवधारणा संयुक्त राज्य अमेरिका में उत्पन्न हुई।
हित समूह (Interest Groups):- किसी निश्चित मुद्दे/हित की प्राप्ति हेतु गठित सक्रिय समूह, हित समूह कहलाते हैं। जैसे-कृषि सुधारों से संबंधित हित समूह, पर्यावरण सुधार से संबंधित हित समूह आदि।
आमण्ड एवं पॉवेल हित/दबाव समूहों के चार भाग बताते हैं-
i. संस्थात्मक दबाव समूह (Institutional)
ii. गैर संघात्मक दबाव समूह (Non-Association)
iii. प्रदर्शनात्मक दबाव समूह (Anomic)
iv. संघात्मक दबाव समूह (Associational)

भारत में विभिन्न राजनीतिक दलों से सम्बद्ध दबाव समूह इस प्रकार है:–
(1) अखिल भारतीय श्रमिक संघ (A.I.T.U.C.) यह समाजवादी दलों से सम्बद्ध दबाव समूह है।
(2) भारतीय राष्ट्रीय श्रमिक संघ (I.N.T.U.C.) यह कांग्रेस पार्टी से सम्बद्ध दबाव समूह है।
(3) भारतीय मजदूर संघ, यह भारतीय जनता पार्टी से सम्बद्ध दबाव समूह है।

**3. In which election women crossed seven percent mark in Lok Sabha for the time?**
**लोकसभा में महिलाओं का प्रतिशत किस चुनावी वर्ष में पहली बार सात प्रतिशत के ऊपर गया ?**

(a) 1962 (b) 1977
(c) 1984 (d) 1991

**Ans. (c) :** वर्ष 1984 में निर्मित/गठित 8वीं लोकसभा में महिला सांसदों की कुल संख्या 44 (8.11%) थी।

| **लोकसभा** | **महिला सदस्य संख्या** | **(प्रतिशत)** |
|---|---|---|
| पहली लोकसभा (1952) | -22 | (4.50%) |
| दूसरी लोकसभा (1957) | -22 | (4.45%) |
| तीसरी लोकसभा (1962) | -31 | (6.28%) |
| चौथी लोकसभा (1967) | -29 | (5.58%) |
| पाँचवी लोकसभा (1971) | -29 | (5.41%) |
| छठीं लोकसभा (1977) | -19 | (3.51%) |
| सातवीं लोकसभा (1980) | -28 | (5.29%) |
| *आठवीं लोकसभा (1984) | -42/43 | (8.2%) |
| नौवीं लोकसभा (1989-90) | -29 | (5.48%) |
| *10वीं लाकसभा (1991) | -39 | (7.30%) |
| 11वीं लोकसभा (1996-97) | -40 | (7.37%) |
| 12वीं लोकसभा (1998) | -43 | (7.92%) |
| 13वीं लोकसभा (1999) | -49 | (9.02%) |
| 14वीं लोकसभा (2004) | -45 | (8.29%) |
| 15वीं लोकसभा 2009) | -59 | (10.87%) |
| 16वीं लोकसभा (2014) | -61 | (11.2%) |
| 17वीं लोकसभा 2019) | -78 | (14.39%) |

**Note:-** 1984 का लोकसभा चुनाव पंजाब व असम में सन् 1985 में सम्पन्न कराये गये थे। ऐसा ही सन् 1991 में लोकसभा की 524 में से 521 सीटों पर चुनाव कराया गया जो पंजाब में सन् 1992 में सम्पन्न कराये गये।
**स्त्रोत-**यह आंकड़ें भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से अवतरित है।
महिला आरक्षण विधेयकः-
सरकार में महिलाओं का प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के संदर्भ में यह विधेयक लम्बे समय से चर्चा का केंद्र बिंदु रहा है।

वर्ष 2008 में इससे संबंधित विधेयक राज्य सभा में प्रस्तुत किया गया, जो 2010 में इस सदन से पारित भी हो गया। 15वीं लोकसभा में व्यापक गतिरोध के कारण यह विधेयक लैप्स हो गया। 73वें संविधान संशोधन अधिनियम- 1992 द्वारा पंचायतों में महिला आरक्षण 33% निर्धारित किये जाने से केंद्रीय स्तर पर भी इस व्यवस्था की मांग में तेजी आ गई।

**4. Who of the following is not a theorist of federalism?**
**निम्नलिखित में से कौन संघवाद का सिद्धान्तकार नहीं है?**

(a) James Madison /जेम्स मैडिसन
(b) Thomas Jefferson/थॉमस जैफरसन
(c) David Easton/डेविड ईस्टन
(d) Kenneth C. Wheare/केनेथ सी. व्हेयर

**Ans. (c) :** डेविड ईस्टन संघवाद के सिद्धान्तकार नहीं हैं।
जेम्स मैडिसन, थॉमस जैफरसन, के.सी. व्हेयर आइवर जेनिंग्स आदि संघवाद के प्रमुख सिद्धांतकार हैं।
संघवाद (Federalism):- शासन की वह प्रवृत्ति जिसमें एक केंद्रीय शक्ति व अन्य अवयवों के मध्य सत्ता साझेदारी हो, संघवाद कहलाता है।
दो या दो से अधिक स्तरों वाली इस व्यवस्था में नागरिकों के समूह पर प्रत्येक स्तर द्वारा शासन किया जाता है। प्रत्येक स्तर का अधिकार क्षेत्र भिन्न होता है।
संघवाद, (Federalism) लैटिन शब्द फोएडस (Foedus) से बना है। जिसका अर्थ संधि/समझौता (Treaty, Pact या Covenant) है।
* सर्वाधिक स्पष्ट संघीय व्यवस्था वाला देश संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) को माना जा सकता है।
* भारतीय संविधान का अनुच्छेद-1 भारत को 'राज्यों का संघ' घोषित करता है। अन्य विचारकों के अनुसार
भारतीय संघ-
-ग्रेनविल ऑस्टिन भारतीय संघ को 'सहकारी संघवाद' (Cooperative Federalism) का उदाहरण मानते है।
-के.सी. व्हेयर भारतीय संघ को 'अर्द्धसंघ' मानते हैं।
-आइवर जेनिंग्स भारतीय संघ को 'अत्यन्त संघीय' (केंद्रभिमुख) मानते हैं।

**5. Which state governmment constituted Rajamannar Committe?**
**राजमन्नार समिति का गठन किस राज्य सरकार ने किया था?**

(a) Tamil Nadu /तमिलनाडु
(b) Kerala /केरल
(c) Karnataka/कर्नाटक
(d) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश

**Ans. (a) :** वर्ष 1969 में तमिलनाडु सरकार द्वारा राजमन्नार समिति का गठन केंद्र राज्य संबंधों पर सुझाव देने हेतु किया गया था। समिति ने 1971 में अपनी रिपोर्ट दी-
प्रमुख सुझावः-
- अंतर्राज्यीय परिषद् के गठन का सुझाव (अनुच्छेद 263)
- अनुच्छेद 356, 357 एवं 365 (राष्ट्रपति शासन से संबंधित) को पूर्णतया समाप्त कर दिया जाये।
- वित्त आयोग को स्थायी संस्था का स्वरुप देने का सुझाव।
- अवशिष्ट शक्तियों सहित, संघ एवं समवर्ती सूची के कुछ विषयों को राज्य सरकारों को सौंपने का सुझाव।
- योजना आयोग को समाप्त कर नई सांविधिक संस्था के गठन का सुझाव
- अखिल भारतीय सेवाओं को पूर्ण रुप से समाप्त करने का सुझाव।
- राज्यपाल के प्रसादपर्यंत, मुख्यमंत्री व उसकी मंत्रिपरिषद् वाली व्यवस्था को समाप्त करने का सुझाव।

**केंद्र-राज्यों संबंधों पर गठित अन्य समितियाँ-**
- प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग (1966)- भारत सरकार
- आनंदपुर साहिब प्रस्ताव (1973) - पंजाब सरकार
- पश्चिम बंगाल मेमोरेंडम (ज्ञापन) - 1977 - प. बंगाल सरकार
- सरकारिया आयोग (1983) - भारत सरकार
- एम.एम. पुंछी आयोग (गठन-2007, रिपोर्ट 2010)-भारत सरकार

**6. Which of the following factors are responsible for the increasing importance of Public Administration in modern state?**
**आधुनिक राज्य में लोक प्रशासन के बढ़ते महत्व के लिए कौन से कारक उत्तरदायी है?**

**1. Emergence of welfare state**
**कल्याणकारी राज्य का उदय**
**2. Scientific and technological advancement**
**वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति**
**3. Rapid increase in population**
**जनसंख्या में तेजी बढ़ोतरी**
**4. Economic planning/आर्थिक नियोजन**
**नीचे दिये गये कूटों की सहायता से ही उत्तर चुनिएः**
**Select correct answer from the codes given below:**

(a) 1, 2 and 4/1, 2 और 4
(b) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(c) 1, 3 and 4/1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4/1, 2, 3 और 4

**Ans. (d) :** प्रश्न में दिये गये चारों कारक लोक प्रशासन के बढ़ते महत्व व उसकी उपयोगिता के लिए उत्तरदायी हैं।
1- कल्याणकारी राज्य का उदयः-
आधुनिकता के साथ-साथ विश्व में विभिन्न देशों द्वारा इस अवधारणा पर विशेष बल दिया जा रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध तथा इसके पश्चात् अनेक प्राकृतिक एवं अन्य मानवजनित आपदाओं द्वारा हुई व्यापक क्षति ने लोगों और उनके महत्व में वृद्धि की। इन सभी का कल्याण सुनिश्चित करने हेतु लोक प्रशासन अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ है।
2- वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रगति भी लोक प्रशासन के महत्व में वृद्धि करती है। लोगों तक नई तकनीकी व इसके लाभ की पहुँच लोक प्रशासन पर भी निर्भर करती है। यहाँ तक की लोक प्रशासन व्यवस्था स्वयं इन वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति से लाभान्वित होती है।
3- संसाधनों का सीमित होना व तीव्रता से बढ़ती जनसंख्या भी लोक प्रशासन के महत्व को सिद्ध करती है। संसाधनों का सतत एवं समुचित आवंटन का कार्य लोक प्रशासनिक व्यवस्था द्वारा ही सुगम बनाया जा सकता है।
4- बढ़ती जनसंख्या को केवल एक बाधा न समझ कर इसे नियंत्रित करना व लोगों को उनकी योग्यता के आधार पर नियोजित करना भी लोक प्रशासन का महत्वपूर्ण कार्य है।

**7. Who said, "Public Administration of war time is different from public Administration of peace time?"**
**किसने कहा कि ''युद्धकाल का लोक प्रशासन, शान्तिकाल के लोक प्रशासन से भिन्न होता है?''**

(a) Luther Gullick/लूथर गुलिक
(b) Max Weber/मैक्स वेबर
(c) F.W. Riggs/एफ. डब्ल्यू. रिग्स
(d) Marry Follet/मैरी फॉलेट

**Ans. (a) :** गुलिक को प्रथम विश्व युद्ध के दौरान अमेरिकी सैन्य प्रशासन के साथ कार्य करने का अनुभव था द्वितीय विश्व युद्ध आते-आते उनका रुझान प्रशासनिक सिद्धान्तों की ओर हो चुका था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने अवलोकन, साक्षात्कार तथा युद्ध से सम्बन्धित समस्त सूचनाओं एवं रणनीतियों का विश्लेषण अपनी पुस्तक **Administrative Reflections from World War II'** में प्रस्तुत किया गुलिक का निष्कर्ष है कि **''युद्धकाल का लोक प्रशासन, शांतिकाल के लोकप्रशासन से भिन्न होता है''** क्योंकि युद्ध के दौरान घटनाएं तेजी से घटती है। ऐसे में आपको नित्य नये निर्णय लेने पड़ते हैं तथा कई रणनीतियाँ बनानी पड़ती है। स्वाभाविक है कि ऐसे माहौल में बहुत सी गलतियाँ भी होती है। युद्धकाल वह समय होता है जो उससे सम्बन्धित किसी भी संस्था या व्यक्ति को नये प्रयोग करने का भरपूर अवसर देता है।

**8. Who wrote the 'The Essay on Bureaucracy'?**
**'दी एसेज ऑन ब्यूरोक्रेसी' किसने लिखी?**

(a) Luther Gullick/लूथर गुलिक
(b) Max Webber/मैक्स वेबर
(c) F.W. Riggs/एफ. डब्ल्यू. रिग्स
(d) Marry Follet/मैरी फॉलेट

**Ans. (b) :** मैक्स वेबर ने नौकरशाही या कर्मचारी तंत्र का जो आदर्श प्रारुप निर्मित किया था वह आधुनिक लोकप्रशासन का मुख्य अध्ययन बिन्दु बन चुका है। वेबर के अनुसार नौकरशाही का उनका प्रतिमान किसी संगठन के नौकरशाहीकरण को मापने का एक उपकरण या आधार है जो भविष्य में किसी भी संगठन को समझने, विश्लेषण करने तथा अनुसंधान में मूलाधार का कार्य करेगा। वेबर ने नौकरशाही को प्रशासन में एक तर्कपूर्ण व्यवस्था मानते हुए इसे संस्थागत मानव-व्यवहार में वैज्ञानिकता लाने का साधन भी माना था। उनका मानना था कि उनके नौकरशाही के आदर्श प्रतिमान या प्रारुप की विशेषताएं किसी संगठन में न हो तो वह इस आदर्श प्रतिमान की कमी नही होगी अपितु इस तथ्य का परिचायक होगा कि उस संगठन का उतने ही अंशों में नौकरशाहीकरण नही हो सका है। नौकरशाही के सम्बन्ध में वेबर के विचार सर्वप्रथम सन् 1911 में लिखे गये लेख **'Essay on Bureaucracy'** तथा इस तरह के लेखों का संग्रह **'The Theory of Social and Economic Organisation'** नामक पुस्तक में उपलब्ध होते हैं।

1. The Protestant Ethic and the spirit of capitalism (1905)
2. General Economic History (1923)

**9. Who said, "Good Administration and Democracy go together?"**
**किसने कहा कि ''अच्छा प्रशासन तथा लोकतंत्र साथ-साथ चलते हैं?''**

(a) Luther Gullick /लूथर गुलिक
(b) Max weber/मैक्स वेबर
(c) F.W. Riggs/एफ. डब्ल्यू. रिग्स
(d) Marry Follet/मैरी फॉलेट

**Ans. (a) :** लूथर गुलिक (1892-1993) अमेरिकन राजनीति विज्ञानी और लोक प्रशासन के विश्व प्रसिद्ध विद्वान थे। इन्होंने लोक प्रशासन के अन्तर्गत पोस्डकार्ब (POSDCORB) की अवधारणा प्रस्तुत किया। यह प्रबन्धन से सम्बन्धित अवधारणा है। लूथर गुलिक का मानना है कि-
''अच्छा प्रशासन और लोकतंत्र साथ-साथ चलते है।''

**10. Who wrote "Notes On Theory Of Organization"?**
**''नोट्स ऑन थ्योरी ऑफ आर्गेनाइजेशन'' किसने लिखी?**

(a) Luther Gullick/लूथर गुलिक
(b) Max Weber/मैक्स वेबर
(c) F.W. Riggs/एफ. डब्ल्यू. रिग्स
(d) Marry Follet/मैरी फॉलेट

**Ans. (a) :** 'Notes on Theory of Organizations' (1937) लूथर गुलिक (Luther Gullick) की रचना है।
इस रचना में गुलिक द्वारा प्रशासन के उद्देश्यों से संबंधित POSDCORB दृष्टिकोण दिया। गुलिक के अनुसार प्रशासन कुल सात तत्वों से मिलकर बनता है। जिसे वे संक्षेप में POSDCORB नाम देते है। इसका प्रत्येक वर्ण प्रशासन के तत्वों से संबंधित है-

1. P- Planning (योजना)
2. O- Organizing (संगठन बनाना)
3. S- Staffing (कर्मचारी रखना)
4. D- Directing निर्देशित करना)
5. Co- Co-ordinating (तालमेल करना)
6. R- Reporting (रिपोर्ट करना)
7. B- Budgeting (बजट बनाना)

लूथर गुलिक (1892-1993) एक अमेरिकन राजनीतिज्ञ थे। जो कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर भी थे।

1. Administrative Reflections from world war II (1948)
2. Papers on the science of Administration (1937)

**11. Which of these are associated with scientific management movement ?**
**इनमें से कौन वैज्ञानिक प्रबंधन आंदोलन से जुड़े हैं?**

**A. Functional Foremanship/कार्यात्मक अग्रानुक्रम**
**B. Unity of command/आदेश की एकता**
**C. Centralization/केन्द्रीकरण**
**D. Time and motion study/समय और गति का अध्ययन**

(a) a, b, c (b) a, d
(c) a, c (d) b, d

**Ans. (b) :** वैज्ञानिक प्रबंधन आंदोलन के दौरान निम्नलिखित तकनीकों को सहायक माना गया।

- कार्यात्मक अग्रानुक्रम (Functional Foremanship)
- गति अध्ययन (Time Study)
- समय अध्ययन (Motion Study)
- अंतरीय पीस रेट योजना (Differential Piece Rate Plan)
- अपवाद सिद्धांत (Management By Exception)

**Note:-**
1. कार्यात्मक फोरमैनशिप का प्रमुख समर्थक टेलर को माना जाता है। जिसमें उन्होंने बताया कि एक मजदूर आठ कार्यात्मक फोरमैनों द्वारा पर्यवेक्षित व मार्गदर्शित किया जाता है।
2. वैज्ञानिक प्रबंधन आंदोलन को टेलरवाद के नाम से भी जाना जाता है।

**12. Henry Fayol did not advocate for:**
**हेनरी फेयोल ने किसका समर्थन नहीं किया?**
(a) Technical skill/तकनीकी कौशल
(b) Human skill/मानवीय कौशल
(c) Conceptual skill/अवधारणात्मक कौशल
(d) Ideological skill/आदर्शवादी कौशल

**Ans. (d) :** हेनरी फेयोल को आधुनिक प्रबन्धन के पिता के नाम से भी जाना जाता है। इन्होंने प्रबन्धन की अवधारणा के नये दृष्टिकोण का प्रतिपादन किया और एक ऐसे सामान्य सिद्धान्त का प्रतिपादन किया, जिसे प्रबन्धन के सभी स्तरो और सभी विभागों पर लागू किया जा सकता है फेयोल ने प्रबन्धकीय कौशल पर विशेष जोर दिया है।

**नोटः-** फेयोल ने एक संगठन की समस्त गतिविधियों को 6 भागों में बाँटा है। हेनरी फेयोल ने प्रशासन के तत्वों को POCCC से कूट किया है। जिसका अर्थ है- योजना, संगठित करना, निर्देसित करना, समन्वय तथा नियंत्रण। फेयोल ने संगठन के 14 सिद्धान्त बताये हैं। फेयोल को **'संगठन के शास्त्रीय सिद्धान्त का प्रतिपादक'** माना जाता है।

• according to Henry Fayol the qualities that a manger should possess:-
**(1) Physical:** Impressive health, ability and good behaviour.
**(2) Intellectual:** Ability to understand and to Learn, wisdom, decision- making ability, awareness.
**(3) Ethical:** Ability to take on responsibilities, initiantive, Loyality, Prestige, dignity and education.
**(4) Knowledge:** Knowledge of activities related to work and the knowledge of doing things.
**(5) Technical:** Knowledge of points/things directly related to work.
**(6) Experience:** To be perfect and skilled in performing work/task.

**13. Comptroller and Auditor General of India can be removed from office in like manner ?**
**भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक को किस तरह उसके पद से हटाया जा सकता है ?**
(a) Attorney- General of India/भारत के महान्यायवादी
(b) A Judge of the Supreme Court
सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश
(c) An Election Commissioner/चुनाव आयुक्त
(d) An Information Commissioner/सूचना आयुक्त

**Ans. (b) :** भारतीय संविधान के भाग-5 में अध्याय 5 के अन्तर्गत अनुच्छेद 148 में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के स्वतंत्र पद की व्यवस्था की गई है, जिसे संक्षेप में 'महालेखा परीक्षक' कहा गया है। यह भारतीय लेखा परीक्षण और लेखा विभाग का मुखिया होता हैं। यह लोकवित्त का संरक्षक होने के साथ-साथ देश की सम्पूर्ण वित्तीय व्यवस्था का नियंत्रक होता है। नियंत्रक महालेखा परीक्षक की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। तथा कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष (जो भी पहले हो) की आयु तक होता है। राष्ट्रपति द्वारा इसे उसी तरह हटाया जा सकता है, जैसे उच्चतम न्यायालय के नायाधीश को हटाया जाता है। अर्थात् संसद के दोनों सदनों द्वारा विशेष वहुमत के साथ उसके दुर्व्यवहार या आयोग्यता पर प्रस्ताव पास करके।
इसका कार्य यह देखना है कि लेखाओं में जिस धनराशि का भुगतान दिखाया गया है। वह उसी सेवा या प्रयोजन हेतु उसी प्रक्रिया के तहत व्यय किया गया है या नहीं।

**14. Which ministry is responsible for training, reforms and pensions for the civil service system in India?**
**भारत में प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षण, सुधार एवं पेंशन के लिए कौन-सा मंत्रालय उत्तरदायी है?**
(a) Ministry of Home Affairs/ गृह मंत्रालय
(b) Ministry of Personnel and Public Grievances and Pensions/कार्मिक लोकशिकायत व पेंशन मंत्रालय
(c) Ministry of Law and Justice /विधि व न्याय मंत्रालय
(d) Prime Minister Office/प्रधानमंत्री कार्यालय

**Ans. (b) :** भारत में प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षण, सुधार एवं पेंशन संबंधी समस्त अधिकारिकता कार्मिक लोकशिकायत व पेंशन मंत्रालय (Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions) में निहित है। वर्तमान में यह मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित है।
यह मंत्रालय भारत सरकार के कार्यरत एवं सेवानिवृत्ति कर्मियों के प्रशिक्षण विकास एवं कल्याण संबंधी कार्यों हेतु उत्तरदायी है। साथ ही यह जनोन्मुखी आधुनिक प्रशासन की प्रक्रिया से भी संबंधित है।
**Note:-** वर्ष 1953 में पॉल एच. एप्पलबी की रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के आधार पर कैबिनेट सचिवालय के अंतर्गत एक 'संगठन एवं नियमन प्रभाग' की स्थापना की गई।
- वर्ष 1964 में इस प्रभाग को गृह मंत्रालय के अधीन कर दिया गया।
- प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा वर्ष 1970 में की गई सिफारिशों के आधार पर कार्मिक विभाग की स्थापना की गई।
- आगे चलकर (1973) कार्मिक विभाग एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को संयुक्त विभाग के रुप में गृह मंत्रालय के अधीन कर दिया गया।
- अंतिम रुप से वर्ष 1985 में उपर्युक्त तीनों विभागों को मिलाकर संयुक्त रुप से एक नये मंत्रालय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अधीन कर दिया गया।

**15. Who headed the Fifth Pay Commission?**
**पाँचवे केन्द्रीय वेतन आयोग के अध्यक्ष कौन थे?**
(a) S. R Pandian/एस. आर. पान्डियन
(b) B. N. Srikrishana/बी.एन. श्रीकृष्ण
(c) A. K. Mathur/ए. के. माथुर
(d) P. N. Bhalla/पी. एन. भल्ला

**Ans. (a) :** वेतन आयोग भारत सरकार द्वारा कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वेतन/पेंशन, अन्य लाभ तथा सेवा शर्तो संबंधी विषयों पर विचार एवं परिवर्तन हेतु समय-समय पर गठित किया जाता है। भारत सरकार द्वारा अब तक कुल सात केंद्रीय वेतन आयोगों का गठन किया जा चुका है।
भारत में अभी तक कुल 7 केन्द्रीय वेतन आयोगों का गठन किया जा चुका है। जो अधोलिखित रूप में इस प्रकार हैं–

- प्रथम केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन 1946 में **श्रीनिवास वरदाचारियर** की अध्यक्षता में किया गया था। इसने अपनी रिपोर्ट 1947 में प्रस्तुत किया।
- द्वितीय केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन 1957 में **जगन्नाथ दास** की अध्यक्षता में किया गया था। इसने अपनी रिपोर्ट 1959 में प्रस्तुत किया।
- तृतीय केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन 1970 में **जस्टिस रघुवर दयाल** की अध्यक्षता में किया गया था। इसने अपनी रिपोर्ट 1973 में प्रस्तुत किया।
- चतुर्थ केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन 1983 में **पी.एन. सिंघल** की अध्यक्षता में किया गया था। इसने अपनी रिपोर्ट 1986 में प्रस्तुत किया।
- पंचम केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन 1994 में **जस्टिस एस. रत्नावेल पान्डियन** की अध्यक्षता में किया गया था। इसने अपनी रिपोर्ट 1997 में प्रस्तुत किया।
- षष्ठम केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन 2006 में **जस्टिस बी.एन. श्रीकृष्णा** की अध्यक्षता में किया गया था। इसने अपनी रिपोर्ट 2008 में प्रस्तुत किया।
- सप्तम् केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन 2013 में **जस्टिस ए.के. माथुर** की अध्यक्षता में किया गया था। इसने अपनी रिपोर्ट 2015 में प्रस्तुत किया।

**नोट :-**

सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशें ही इस समय लागू हैं। इसके गठन की घोषणा 25 सितंबर 2013 को तत्कालीन वित्तमंत्री **पी. चिदंबरम्** ने किया। यह एक चार सदस्यीय आयोग था जिसकी संरचना इस प्रकार थी-

अध्यक्ष- अशोक कुमार माथुर

विवेक रे (पूर्णकालिक सदस्य)

डॉ. राथिन रॉय (अंशकालिक सदस्य)

मीना अग्रवाल (सचिव)

आयोग ने अपनी रिपोर्ट 2015 में भारत सरकार को सौंप दी थी। 29 जून 2016 को सरकार ने आयोग की सिफारिशों को स्वीकार किया और इन सिफारिशों को 1 जनवरी 2016 से लागू माना गया।

**16. Which Prime Minister initiated the policy of liberalization in India?**
**भारत में उदारीकरण की नीति किस प्रधानमंत्री ने शुरु किया?**

(a) P. V. Narsimha Rao/पी. वी. नरसिम्हा राव
(b) Rajiv Gandhi/राजीव गांधी
(c) V. P. Singh/वी.पी. सिंह
(d) Chandrashekhar/चन्द्रशेखर

**Ans. (a) :** भारत में उदारीकरण की नीति पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव द्वारा वर्ष 1991 में प्रारम्भ की गई।

उदारीकरण (Leberalisation):- विभिन्न देशों द्वारा आर्थिक विकास को लक्षित करने के संदर्भ में नियंत्रण व नियमन को लचीला बनाना या पूर्णतः समाप्त कर देना, उदारीकरण कहलाता है।

भारत में उदारीकरण की नीति लागू होने के उपरान्त हुए लाभ-

- 1991 के बाद भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दर में तेजी आई।
- बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टिकोण का विकास हुआ
- वस्तु एवं सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार
- निजी क्षेत्र की भागीदारी से विनिर्माण क्षेत्र में तीव्रता
- उपभोक्ताओं के लाभ में वृद्धि।

**17. Presently how many members are in Public Undertakings Committee?**
**इस समय सार्वजनिक उपक्रम समिति में कितने सदस्य है ?**

(a) 30 (b) 25
(c) 15 (d) 22

**Ans. (d) :** वर्तमान में सार्वजनिक उपक्रम समिति में कुल 22 सदस्य है। यह भारतीय संसद की एक स्थायी एवं वित्तीय समिति है। 15 लोकसभा से तथा 7 अन्य सदस्य राज्य सभा से एकल संक्रमणीय मत प्रणाली व अनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली द्वारा चुने जाते है।

- 1964 में **श्री कृष्ण मेनन** समिति की सिफारिशों पर बनायी गई इस समिति का सभापति लोकसभा से शामिल सदस्यों में से किया जाता है।
- एक वर्ष के कार्यकाल वाली इस समिति में किसी मंत्री को सदस्य नहीं चुना जाता है। यदि समिति का कोई सदस्य मंत्री बनाया जाता है तो पदभार ग्रहण की तिथि से समिति में उसका पद रिक्त मान लिया जायेगा।
- सार्वजनिक उपक्रम समिति भारत सरकार के अधीन विभिन्न मंत्रालयों व उनके विभागों के सरकारी उपक्रमों के लेखों व प्रतिवेदनों की जाँच करने के साथ-साथ इस संबंध में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के लेखों (रिपोर्ट्स) की भी जाँच करता है।

**18. Who is the chairman of NITI Aayog ?**
**नीति आयोग का चेयरमैन कौन है ?**

(a) Home Minister/गृहमंत्री
(b) Finance Minister/वित्तमंत्री
(c) President/राष्ट्रपति
(d) Prime Minister/प्रधानमंत्री

**Ans. (d) :** NITI ( National Institution for Transforming India) Aayog

स्थापना- केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर योजना आयोग को समाप्त कर नीति आयोग (NITI आयोग) का गठन 1 जनवरी, 2015 को किया गया।

कार्य- सरकार के एक थिंक-टैंक के रुप में कार्य करना। साथ ही केंद्र एवं राज्य दोनों ही स्तर पर सरकारों को तकनीकी परामर्श प्रदान कर शासन संचालन में सहयोग उपलब्ध कराना।

संगठनः- अध्यक्ष-भारत के प्रधानमंत्री

उपाध्यक्ष- प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त

सदस्य- सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के मुख्यमंत्री।

उपराज्यपाल (पूर्णकालिक रुप से)

अंशकालिक सदस्य- लोक संस्थानों, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय व अन्य से अधिकतम दो पदेन सदस्य।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO):- भारत सरकार मे कार्य करने वाले सचिव स्तर का अधिकारी प्रधानमंत्री द्वारा निश्चित कार्यकाल हेतु नियुक्त किया जाता है।

पदेन सदस्यः- केंद्रीय मंत्रिपरिषद् से चार नामित सदस्य

**19. Appointment of civil servants are made by :**
**भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?**

(a) Union Public Service Commission
संघ लोक सेवा आयोग
(b) Prime Minister of India/भारत के प्रधानमंत्री

(c) President of India/भारत के राष्ट्रपति

(d) Prime Minister Office/प्रधानमंत्री कार्यालय

**Ans. (c) :** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
भारतीय नौकरशाही प्रणाली स्थायी प्रकृति की है। जिसके कर्मचारियों की भर्ती संघ लोक सेवा आयोग (UPSC- Union Public Service Commission) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा द्वारा की जाती है।
भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS-Indian Administrative Service) भारत की तीन अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। अन्य अखिल भारतीय सेवाओं में भारतीय पुलिस सेवा (IPS-Indian Police Service) तथा भारतीय वन सेवा (IFS- Indian Forest Services)

**20. Who gave the Fourteen Points Program during first world war?**
**प्रथम विश्वयुद्ध में चौदह अंक प्रोग्राम किसने प्रतिपादित किया?**

(a) Chamberlain /चैंबरलेन

(b) Woodrow Wilson/वुडरो विल्सन

(c) Roosevelt/रुसवेल्ट

(d) All oF the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (b) :** प्रथम विश्व युद्ध (1914-18) के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति वुडरो विल्सन द्वारा '14 सूत्रीय कार्यक्रम' का प्रतिपादन किया गया।
प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति और वैश्विक स्तर पर शांति की स्थापना के उद्देश्य से वुडरो विल्सन द्वारा इन 14 सूत्रीय आत्म निर्णय के सिद्धांतों का प्रतिपादन किया गया। ये बिन्दु निम्नलिखित हैं–

1. भविष्य में शांति संधियां प्रकट रूप से की जायें और गुप्त कूटनीति का अवलम्बन न किया जाये।
2. शांति तथा युद्ध दोनों के समय में समुद्र-तट सबके लिए स्वतंत्र रूप से खुले रहें।
3. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के मार्ग में उपस्थित बाधायें हटा दी जायें।
4. शस्त्रास्त्रों में कमी हो
5. अधीन लोगों के हित का समुचित ध्यान रखते हुये औपनिवेशिक दावों का निष्पक्ष निर्णय हो।
6. केंद्रीय राष्ट्र की भूमि छोड़ दें और रूस को विकास के लिए पूर्ण अवसर प्राप्त हों।
7. जर्मनी, बेल्जियम को खाली कर दे और अपनी पूर्व स्थिति में पहुँच जाये।
8. इसी प्रकार फ्रेंच भूमि भी खाली करके पूर्व स्थिति में पहुँचा दी जाये। अल्लास- लोरेन फ्रांस को वापस मिल जाये।
9. राष्ट्रीयता के सिद्धान्त के आधार पर इटली की सीमाओं का संशोधन किया जाये।
10. ऑस्ट्रिया के लोगों को स्वायत्त शासन का अधिकार प्राप्त हो।
11. सर्बिया, मोंटेनिग्रो तथा रुमानिया को केंद्रीय राष्ट्र खाली करके अपनी पूर्व स्थिति में पहुँचा दे और सर्बिया को समद्र तट पर निवास स्थान प्राप्त हो।
12. टर्की के विरुद्ध तुर्की प्रदेशों की संप्रभुता सुनिश्चित रहें और शेष भागों को स्वायत्त शासन प्राप्त हो तथा डार्डेन्लीज व बास्फोरस के जलडमरुमध्यों में सभी राष्ट्र के जहाजों को यातायात की स्वतंत्रता प्राप्त हो।
13. स्वतंत्र पोलैण्ड का निर्माण हो और समुद्र तक पहुंचने की सुविधा दी जाये।
14. छोटे-बड़े सभी राष्ट्रों को समान रूप से राजनीतिक स्वतंत्रता तथा प्रादेशिक अखण्डता का आश्वासन देने के लिए एक राष्ट्र संघ की स्थापना की जाये।

**21. Decision on the membership of United Nation is taken by:**
**संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता का निर्णय लेती है ?**

(a) General Assembly exclusively/केवल महासभा

(b) Security Council exclusively/केवल सुरक्षा परिषद

(c) General Assembly on the advice of security council which is binding on it/सुरक्षा परिषद बाध्यकारी परामर्श पर महासभा

(d) General Assembly on the advice of security council which is not binding on it/सुरक्षा परिषद के अबाध्यकारी परामर्श पर महासभा

**Ans. (d) :** संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय 2 के अनुच्छेद 3, 4, 5, 6 में सदस्यता सम्बन्धी उल्लेख है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर में दो प्रकार की सदस्यता का उल्लेख है। प्रथम, कुछ देश जो संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये थे जिनकी संख्या 51 है। द्वितीय, संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता उन सभी राष्ट्रों को भी उपलब्ध हो सकती है, जो शान्तिप्रिय हो एवं चार्टर में विश्वास रखते हो, जो चार्टर द्वारा निर्धारित कर्तव्यों को स्वीकार करते हो एवं जिनको यह संस्था इन कर्तव्यों का पालन करने के उपयुक्त समझती है।
किसी भी देश को संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनाए जाने के लिए आवश्यक है कि सुरक्षा परिषद की सिफारिश (परिषद के 15 में से 9 सदस्यों की स्वीकृति से जिसमें 5 स्थायी सदस्य अवश्य हो) पर महासभा अपने दो-तिहाई बहुमत से उस देश के पक्ष में निर्णय लें। चूँकि महासभा अपने दो-तिहाई बहुमत से किसी भी नये राष्ट्र को शामिल करने या न करने की अधिकारिता रखती है तो सुरक्षा परिषद की सिफारिश महासभा पर बाध्यकारी नही है। सुरक्षा परिषद अपनी सिफारिश करने के उपरान्त यदि उस नये शामिल होने वाले सदस्य को शामिल होने से रोकना चाहती है तो वह निषेधाधिकार (Veto) का प्रयोग कर सकती है।

**22. Which among the following has signed Non-Proliferation Treaty (NPT) ?**
**निम्नलिखित में से किसने परमाणु अप्रसार सन्धि पर हस्ताक्षर किये है ?**

(a) India/भारत (b) Pakistan/पाकिस्तान

(c) Israel/इजराइल (d) Iran/इरान

**Ans. (d) :** दिये गये विकल्पों में से ईरान 'परमाणु अप्रसार संधि' (NPT - Non-Proliferation Treaty) का हस्ताक्षरकर्ता देश है।
- भारत, पाकिस्तान, इजराइल तथा दक्षिणी सूडान ऐसे देश हैं, जिन्होंने इस संधि पर हस्ताक्षर नहीं किया है।
- परमाणु अप्रसार सन्धि एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है,जिसका उद्देश्य परमाणु हथियारों व इससे संबंधित तकनीकी के प्रसार को रोकना है।
- वर्ष 1968 में यह संधि सभी राष्ट्रों के समक्ष सहमति हेतु प्रस्तुत की गई। इसे वर्ष 1970 में लागू किया गया। 191 देशों के समर्थन वाली इस संधि को 11 मई 1995 को अनिश्चित काल के लिए लागू कर दिया गया।

**नोटः-**

उत्तर कोरिया ने इस सन्धि पर 1985 में हस्ताक्षर किया था और 2003 में वह इससे अलग हो गया।

**23. New member of the SAARC is?**
**सार्क का नया सदस्य है?**

(a) Maldives/मालदीव
(b) Myanmar/म्यामार
(c) Afghanistan/अफगानिस्तान
(d) Bhutan/भूटान

**Ans. (c) :** वर्ष 2007 में अफगानिस्तान सार्क (SAARC- South Asian Association for Regional Cooperation) में शामिल होने वाला अंतिम (8वाँ) सदस्य है।
अन्य सदस्य देश-
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका एवं मालदीव हैं।
पर्यवेक्षक देश-
चीन, यूरोपियन यूनियन, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, जापान, मॉरीशस, म्यांमार, अमेरिका (USA) और दक्षिण कोरिया।
- सार्क की स्थापना वर्ष 1985 में की गई।
- उद्देश्य- क्षेत्रीय एकता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना।
- वर्ष 2006 में सार्क द्वारा दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र की शुरुआत की गई।

**24. Who among the following is not proponents of Realist theory ?**
**निम्न में से कौन यथार्थवाद सिद्धान्त के समर्थक नहीं हैं?**

(a) Hans J. Morgenthau/ हंस जे. मार्गेन्थाऊ
(b) Kenneth W. Thompson/केनेथ डब्ल्यू थॉम्पसन
(c) George F. Kennan/जॉर्ज एफ. केनन
(d) Joseph Nye/जोसेफ ने

**Ans. (d) :** 1. जोसेफ ने (Joseph Samual Nye) एक अमरिकी राजनीति वैज्ञानिक हैं।
- रॉबर्ट कोहेन के साथ मिलकर इन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के नव उदारवादी सिद्धांत का प्रतिपादन किया।
- कोहेन के साथ ही इन्होने विषम एवं जटिल अंतरनिर्भरता की संकल्पना प्रस्तुत की।
- प्रसिद्ध रचना- Power and Interdependence: World politics in transition (1977)
- हंस जे. मार्गेन्थाऊ (Hans Joachim Morgenthau) 20वीं शताब्दी में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के यथार्थवादी विचारक है।
- उनकी प्रथम रचना 'Politics Among Nations' (1948) है।
- उन्होने यथार्थवाद के 6 महत्चपूर्ण सिद्धांत दिया।
- मार्गेन्थाऊ का मानना था कि सभी राष्ट्रों के मध्य सदैव किसी न किसी रूप में संघर्ष जारी रहता है।

3. केनेथ डब्ल्यू. थॉम्पसन (Kenneth W. Thompson) (1921-2013)
- इन्होंने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों का मानक सिद्धांत (Normative theory) में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।
- इन्होने अपनी प्रथम पुस्तक 'Principles and Problems of International Politics: Selected Readings' हंस जे. मार्गेन्थाऊ के साथ लिखी। (1951)

4. जॉर्ज एफ. केनन (George Forst Kennan) (1904-2005)
- ये एक अमेरिकी कूटनीतिज्ञ व इतिहासकार थे।
- ये शीत युद्ध के समय सोवियत संघ के प्रसार के विरुद्ध कार्य करने वाले व्यक्तियों में प्रमुख थे।
- यह प्रमुख रुप से यथार्थवाद के समर्थक थे।
- प्रमुख लेखः The Sources of Soviet Conduct (1947)

**25. 26th UN Climate Change Conference was held in which country ?**
**संयुक्त राष्ट्र का 26वां जलवायु परिवर्तन सम्मेलन किस देश में हुआ ?**

(a) United Kingdom/यूनाइटेड किंगडम
(b) Brazil/ब्राजील
(c) Germany/जर्मनी
(d) Peru/पेरु

**Ans. (a) :** 26वें जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का आयोजन (31 अक्टूबर 2021, 12 नवम्बर, 2021) ग्लासगो, यूनाइटेड किंगडम में संपन्न हुआ।
- Cop-26 के नाम से प्रसिद्ध इस सम्मेलन में संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा वर्ष 2030 तक ग्रीन हाउस गैस मेथेन में संयुक्त रूप से कटौती का निर्णय लिया गया।
- ब्रिटेन द्वारा आयोजित इस सम्मेलन के अध्यक्ष ब्रिटिश कैबिनेट में मंत्री आलोक शर्मा थे।

**26. Who was Dag Hammarskjold?**
**डैग हैमरस्क्जोल्ड कौन थे?**

(a) Foreign Minister of Russia/रूस के विदेशमंत्री
(b) President of Congo/कांगो के राष्ट्रपति
(c) Chief Justice of ICJ
आई.सी.जे. के मुख्य न्यायाधीश
(d) Former UN Secretary General
संयुक्त राष्ट्र के भूतपूर्व सेक्रेटरी जनरल

**Ans. (d) :** डैग हैमरस्क्जोल्ड (Dag Hammarskjold) संयुक्त राष्ट्र के भूतपूर्व सेक्रेटरी जनरल (दूसरे) थे।
- डैग हैमरस्क्जोल्ड (1905-1961) स्वीडन के राष्ट्रीय आर्थिक सलाहकार, कूटनीतिज्ञ, तथा नोबेल पुरस्कार विजेता भी थे।
- स्वेज नहर संकट व संयुक्त राज्य अमेरिका व सोवियत यूनियन के मध्य संघर्ष में मध्यस्थता की थी।
- संयुक्त राष्ट्र आपातकालीन फोर्स की स्थापना भी इन्होंने ही की थी।

**27. MGNREGA guarantees how many days of work in a year ?**
**मनरेगा के अन्तर्गत साल भर में कितने दिन कार्य सुनिश्चित किया जाता है?**

(a) 120 (b) 160
(c) 180 (d) 100

**Ans. (d) :** मनरेगा के अंतर्गत पंजीकृत व्यक्तियों को वर्ष भर में कुल 100 दिनों का कार्य सुनिश्चित किया जाता है।
- मनरेगा (MGNREGA- Mahatma Gandhi National Rural Employement Guarantees Act) के अंतर्गत की दैनिक मजदूरी का प्रावधान है जो प्रत्येक राज्य में अलग-अलग है।
इस अधिनियम को संसद ने 2005 में स्वीकार किया। 2 फरवरी 2006 को इसे शुरू किया गया। इसे प्रारम्भ में 625 जिलों में परीक्षण के तौर पर लागू किया गया था। 1 अप्रैल 2008 से इसे भारत के सभी जिलों में लागू किया गया।
2 अक्टूबर 2009 को गाँधी जयन्ती के अवसर पर डॉ. मनमोहन सिंह (तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री) ने घोषणा किया कि अब नरेगा (NREGA), मनरेगा (MNREGA) के नाम से जानी जायेगी।
**Note:** कोरोना महामारी के कारण 21 नवम्बर, 2021 ग्रामीण विकास और पंचायतीराज मंत्री के.एस. ईश्वरप्पा ने मनरेगा के तहत साल भर में 100-150 दिन तक कार्य सुनिश्चित करने को राज्य सरकार से कहा।

28. **Who constituted Ashok Mehta Committee for Panchayati Raj?**
**पंचायती राज के लिए अशोक मेहता समिति का गठन किसने किया?**
(a) Jawaharlal Nehru/जवाहर लाल नेहरू
(b) Indira Gandhi/इन्दिरा गांधी
(c) Morarji Desai/मोरारजी देसाई
(d) V.P. Singh/वी.पी. सिंह

**Ans. (c) :** पंचायती राज से संबंधित अशोक मेहता समिति का गठन दिसम्बर, 1977 में प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के कार्यकाल में किया गया।
- 13 सदस्यी **अशोक मेहता** समिति ने वर्ष 1978 में अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी। इसकी सिफारिशों को सरकार द्वारा अपर्याप्त मानते हुए अस्वीकार कर दिया गया था।

29. **Consider the following:**
**1. District Board**
**2. Municipal Corporation**
**3. Notified Area Authority and Town Area Committee**
**4. Township Committee and Port Trust**
**Which of these is/are urban local body/bodies in India?**
**निम्नलिखित पर ध्यान दें:**
**1. जिला बोर्ड**
**2. नगर निगम**
**3. अधिसूचित क्षेत्र प्राधिकरण एवं नगर क्षेत्र समिति**
**4. टाउनशिप समिति एवं पोर्ट ट्रस्ट**
**इनमें से कौन भारत में शहरी स्थानीय संस्था या संस्थाएँ हैं?**
(a) Only 1/मात्र 1
(b) 2 and 3/2 और 3
(c) 1, 3 and 4/1, 3 और 4
(d) 2, 3 and 4/2, 3 और 4

**Ans. (d) :** प्रश्न में दिये गये विकल्पों में नगर निगम, पोर्टट्रस्ट, टाउनशिप समिति, अधिसूचित क्षेत्र प्राधिकरण एवं नगर क्षेत्र समिति शहरी स्थानीय संस्थाएँ हैं।
अन्य शहरी स्थानीय संस्थाएँ-
- नगर पालिका परिषद् (Municipal Council)
- महानगर निगम (Municipal Corporation)
- शहरी क्षेत्र समिति (Urban Area Committee)
- छावनी बोर्ड (Cantonment Board)
- उद्देश्य विशेष हेतु गठित एजेंसियाँ (Special Purpose Agency)

**Note:-** वर्ष 1992 में 74वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा शहरी स्थानीय शासन को संरक्षण देते हुए संवैधानिक दर्जा दिया गया।
- अनुच्छेद 243-Q के अंतर्गत तीन प्रकार की नगरपालिका संरचनाओं की व्यवस्था दी गई है।

I. नगर पंचायत (Nagar Panchayat)
II. नगर पालिका परिषद् (Municipal Council)
III. नगर पालिका निगम (Municipal Corporation)

30. **Which of the following is not correct about a Cantonment Board ?**
**छावनी परिषद के संदर्भ में इनमें से क्या सही नहीं है?**
(a) It is created by an executive resolution./इसका निर्माण कार्यकारी संकल्प द्वारा होता है।
(b) It works under the administrative control of the Union Defence Ministry/यह यूनियन रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करती है।
(c) It is established for municipal administration for civilian population in the cantonment area./इसकी स्थापना नगरीय प्रशासन द्वारा कैन्टोन्मेंट क्षेत्र के सामान्य नागरिकों के लिए होती है।
(d) It is a Statutory Body./यह एक सांविधिक निकाय है।

**Ans. (a) :** केन्द्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा सीमाओं सहित ऐसे किसी स्थान या स्थानों को, जिसमें या जिनमें बलों का कोई भाग आवासित है, अथवा जो ऐसे किसी स्थान या स्थानों के सन्निकट होते हुए ऐसे बलों की सेवा के लिए अपेक्षित है, इस अधिनियम तथा तत्समय प्रवृत्त सभी अन्य अधिनियमितियों के प्रयोजनों के लिए छावनी घोषित कर सकेगी तथा वैसी ही अधिसूचना द्वारा किसी छावनी की बावत घोषित कर सकेगी कि वह छावनी नही है।
प्रत्येक छावनी के लिए एक छावनी बोर्ड होगा। प्रत्येक बोर्ड, संविधान के अनुच्छेद 243त के खण्ड (ङ) के अधीन निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए नगरपालिका समझा जायेगाः-
(A) अनुदान और आवंटन प्राप्त करना।
(B) केन्द्रीय सरकार की समाज कल्याण, लोक स्वास्थ्य, सुरक्षा, जल प्रदाय, सफाई, शहरी, नवीकरण और शिक्षा की स्कीमों को लागू करना। अतः छावनी परिषद का निर्माण कार्यकारी संकल्प द्वारा नहीं होता है।

31. **Who is the author of the book 'Origins of Postmodernity'?**
**निम्न में से कौन 'ओरिजिन्स ऑफ पोस्टमाडर्निटी' नामक पुस्तक का लेखक है ?**
(a) Guy standing/गॉय स्टैण्डिग
(b) Guy Peters/गॉय पीटर्स
(c) Perry Anderson/पेरी एंडरसन
(d) Michael Oakeshot/माइकल ओकशॉट

**Ans. (c) :** 'Origins of Postmodernity' (1998) नामक पुस्तक के लेखक **पेरी एंडरसन** थे जो कि राजनीति विज्ञान के प्रसिद्ध विचारक बेनेडिक्ट एंडरसन के भाई थे।
- इनका पूरा नाम **फ्रांसिस रोरी पेरेग्रीन 'पेरी' एण्डरसन (Francis Rory Peregrine 'Perry' Anderson)** था।
- ये ब्रिटिश बुद्धिजीवी तथा निबंधकार थे।
- कार्य क्षेत्र-
- ऐतिहासिक समाजशास्त्र
- बौद्धिक इतिहास एवं सांस्कृतिक विश्लेषण

**Note:-उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा आयोग इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (B) गॉय पीटर्स को सही माना है जो कि गलत है। इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (C) सही है।**

32. **Indo-Nepal treaty of peace and friendship was signed in?**
**भारत एवं नेपाल के मध्य शांति एवं मित्रता सन्धि पर कब हस्ताक्षर हुए ?**
(a) 1952 (b) 1955
(c) 1950 (d) 1960

**Ans. (c) :** भारत एवं नेपाल के मध्य शांति एवं मित्रता संधि पर वर्ष 1950 में हस्ताक्षर किये गये।
यह भारत और नेपाल के मध्य द्विपक्षीय संधि है जिसका उद्देश्य दोनों दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों के बीच घनिष्ठ रणनीतिक संबन्ध स्थापित करना है। यह संधि दोनों देशों के बीच लोगों और वस्तुओं की मुक्त आवाजाही और रक्षा एवं विदेशी मामलों के बीच घनिष्ठ संबंध तथा सहयोग की अनुमति देती है। साथ ही यह संधि नेपाल को भारत से हथियार खरीदने की सुविधा भी देती है। इस संधि के द्वारा नेपाल को एक भू-आबद्ध (Land - lock) देश होने के कारण कई विशेषाधिकारों को प्राप्त करने में सक्षम बनाया है।

**33. Public Information Officer must provide information under RTI Act 2005 to the applicant within a period of:**
**सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी द्वारा आवेदक को सूचना प्रदान करने की अधिकतम अवधि है?**

(a) 45 days/दिन (b) 30 days/दिन
(c) 90 days/दिन (d) 60 days/दिन

**Ans. (b) :** ⇒ सूचना का अधिनियम - 2005 के अंतर्गत किसी आवेदक को सूचना प्रदान करने की अधिकतम सीमा 30 दिन जन सूचना अधिकारी (PIO) के मामले में तथा 35 दिन (सहायक जन सूचना अधिकारी के मामले में) निर्धारित है। यदि सूचना किसी व्यक्ति के जीवन और स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकती है तो सूचना 48 घण्टे में उपलब्ध करायी जाती है।
**नोटः-**
- भारतीय संसद में 15 जून 2005 को इस अधिनियम को पारित किया।
- राष्ट्रपति ने 22 जून 2005 को इसे सहमति प्रदान किया (हस्ताक्षर किया)।
- 12 अक्टूबर 2005 को यह अधिनियम लागू किया गया।

**34. In which year Consumer Protection Act was passed ?**
**किस वर्ष उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पारित किया गया ?**

(a) 1986 (b) 1992
(c) 2001 (d) 1981

**Ans. (a) :** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम वर्ष 1986 में पारित किया गया।
- इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को व्यापार एवं उद्योगों (वस्तुओं आदि) से होने वाले शोषण व हानियों के विरुद्ध संरक्षण प्रदान करना है।
- इस अधिनियम के अनुसार उपभोक्ता वह है जो वस्तुओं व सेवाओं का उपभोग करता है।
- उपभोक्ता फोरम में उपभोक्ताओं द्वारा 5 लाख रुपये तक के मामलों हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाता। भारत में उपभोक्ताओं के अधिकार
- सुरक्षा का अधिकार- चुनने का अधिकार
- सूचना का अधिकार - सुनवाई किये जाने का अधिकार
- निवारण/समापन का अधिकार
- उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार

**Note:-** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 द्वारा पहले से पारित उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की जगह प्रतिस्थापित कर दिया गया है व 1986 के अधिनियम को निरसित कर दिया गया है।

**35. Objective of Pradhanmantri Ujjwala Yojana is to?**
**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का उद्देश्य है ?**

(a) Distribute free LPG connection to women below poverty line families /गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की महिलाओं को निःशुल्क एल.पी.जी. वितरण
(b) Distribute free electricity connention to poor families/निर्धन परिवारों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन का वितरण
(c) Distribute free solar panels in rural areas/ग्रामीण क्षेत्रो में निःशुल्क सोलर पैनल का वितरण
(d) Distribute free milk in the school to poor students/विद्यालयों में निर्धन विद्यार्थियों को निःशुल्क दूध का वितरण

**Ans. (a) :** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की महिलाओं को निःशुल्क एल.पी.जी. वितरण करना है।
- इस योजना का लाभ केवल वयस्क महिलाओं द्वारा लिया जा सकता है, इस हेतु उनके पास कोई अन्य एल.पी.जी. कनेक्शन नहीं होना चाहिए।
- प्रधानमंत्री द्वारा 10 अगस्त 2021 को उज्ज्वला योजना का दूसरा संस्करण उज्ज्वला योजना 2.0 प्रारम्भ की गई है। यह योजना महोबा से शुरू की गई, जबकी 1 मई 2016 को उज्ज्वला योजना का प्रथम संस्करण बलिया जिले से प्रारम्भ किया गया था।

**36. Lokpal can inquire into allegation of corruption against Prime Minister if it related to:**
**लोकपाल, प्रधानमंत्री पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप की जांच किस मामले में कर सकता है ?**

(a) Public Order/लोकव्यवस्था
(b) International Relations/अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध
(c) Extrenal and Internal Security
बाह्य एवं आन्तरिक सुरक्षा
(d) Breach of Privilege/विशेषाधिकार हनन

**Ans. (d) :** लोकपाल, प्रधानमंत्री पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप की जाँच विशेषाधिकार हनन के मामले में कर सकता है।
- लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में प्रधानमंत्री, मंत्री, संसद सदस्य, समूह क, ख, ग व घ श्रेणी के अधिकारी तथा केंन्द्र सरकार में कार्यरत सभी अधिकारी आते है।
- प्रधानमंत्री के मामले में लोकपाल, लोकव्यवस्था अंतर्राष्ट्रीय संबंध, बाह्य एवं आंतरिक सुरक्षा, परमाणु ऊर्जा एवं आंतरिक सुरक्षा, परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिम से संबंधित मामलों की जाँच नहीं कर सकता।

**37. In Rawl's theory Principles of justice is established by people who are affected by which of the following?**
**रॉल्स के सिद्धान्त में न्याय सिद्धान्त की स्थापना उन लोगों द्वारा की जाती है जो निम्न में से किस से प्रभावित है?**

(a) A state of nature/प्राकृतिक अवस्था
(b) Economic inequality/आर्थिक असमानता
(c) A veil of ignorance/अज्ञानता का आवरण
(d) Self Interest/स्व हित

**Ans. (c) :** रॉल्स के अनुसार- न्याय सिद्धांत की स्थापना लोगों द्वारा सामाजिक समझौते व अज्ञानता के आवरण के पीछे के लोगों द्वारा की जाती है।

- रॉल्स ने अपना न्याय सिद्धांत अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'A Theory of Justice' (1971) में दिया है। जो कांट के आदर्शवादी सिद्धांतो से प्रभावित है।
- रॉल्स द्वारा रचित पुस्तक Justice as Fairness: A Restatement (2001) में न्याय को 'फेयरनेस' कहा है। जो 'विभेदों' के नियम पर आधारित है।
- अज्ञानता के आवरण का तात्पर्य यह है कि व्यक्ति को समाज मे अपनी स्थिति का ज्ञान न हो यहाँ तक कि उसे व्यक्ति का भी ज्ञान न हो।

**38. Who among the following is not related to Deliberative Democracy?**
**निम्न में से कौन विमर्शी (विचारणात्मक) लोकतंत्र से सम्बन्धित नहीं है?**

(a) David Miller/डेविड मिलर
(b) J. Drysek/जे. ड्रायसेक
(c) Joshua Cohen/जोशुआ कोहेन
(d) John Rawls/जॉन रॉल्स

**Ans. (d) :** विचारणात्मक लोकतंत्र के सिद्धान्त को 1990 के दशक में आरम्भिक वर्षों से विशेष लोकप्रियता मिली है। इसके प्रवर्तकों में जे. कोहेन एवं जे. रॉजर्स और एल. हर्सी का विशेष स्थान है। यह बात महत्वपूर्ण है कि जॉन रॉल्स और उदारवादी युर्गेन हैबरमास सरीखे आलोचनात्मक सिद्धान्तकार ने विचारणात्मक लोकतंत्र के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है परन्तु रॉल्स विचारणात्मक लोकतंत्र से सम्बन्धित नहीं है।

विचारशील लोकतंत्र अनुसंधान में बारह प्रमुख निष्कर्ष जिसे निकोल क्यूरेटो, जॉन एस. ड्रायजेक, सेलेन ए. एरकन, कैरोलिन एम. हेड्रिक्स, साइमन निमेयर ने लिखा है। यह निबंध बारह प्रमुख निष्कर्षों पर चर्चा करके विचारशील लोकतंत्र के क्षेत्र के विकास पर प्रतिबिम्बित करता है जो मानक, सिद्धान्त, वैचारिक स्पष्टीकरण और सम्बन्धित अनुभवजन्य परिणामों में कई हल किये गये मुद्दों को पकड़ते हैं। राजनीतिक सिद्धान्तकार डेविड मिलर, जॉन ड्रिजेक और राजनीतिक दार्शनिक क्रिश्चियन लिस्ट ने औपचारिक रुप से प्रदर्शित किया है कि अन्य प्रतिक्रियाओं के बीच विचार-विमर्श कर सकते हैं- निर्णय प्रक्रिया को अस्थिर करने वाले नए विकल्पों को पेश करने के लिए अभिनेताओं की क्षमता को प्रतिबंधित करने के लिए समझौते को प्रेरित करें।

**39. Who amongst the following has introduced the ambition-sensitive distribution scheme for achieving equality of resources?**
**निम्न में से किसने महत्वाकांक्षी संवेदनशील वितरण योजना की शुरुआत, संसाधनों की समानता प्राप्त करने हेतु की?**

(a) John Rawl's/जॉन रॉल्स
(b) Ronaild Dwarkin/रोनाल्ड ड्वारकिन
(c) Will Kymlica/विल किमलिका
(d) Isaiah Berlin/यशायाह बर्लिन

**Ans. (b) :** रोनॉल्ड ड्वार्किन (1931-2013) ने संसाधनों की समानता प्राप्त करने हेतु महत्वाकांक्षी संवेदनशील वितरण योजना की शुरुआत की।

- ड्वार्किन की समानता का ताप्तर्य 'अवसरों की समानता' से है। उन्होंने विकलांगों/दिव्यांगों हेतु विशेष सुविधा का समर्थन करते हुए सामान्य शारीरिक अवस्था वाले लोगों हेतु आरम्भ में समान संसाधन वितरण पर बल दिया।
- विकलांगों/दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधा को इन्होंने 'पेंशन योजना' नाम दिया।

**प्रमुख रचनाएँः-**
- Taking Rights Seriously (1977)
- Sovereign Virtue (2000)

**40. Who said "Political Liberty without economic equality is a Myth?"**
**किसने कहा- ''आर्थिक समानता के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता एक मिथक है?''**

(a) T.H. Green/टी.एच. ग्रीन
(b) J.S. Mill/जे.एस. मिल
(c) G.D.H. cole/जी.डी.एच. कोल
(d) H.J. Laski/एच. जे. लास्की

**Ans. (c) :** जी.डी.एच. कोल के अनुसार- ''आर्थिक समानता के अभाव में राजनीतिक समानता एक मिथक है।''
लास्की के अनुसार- ''राजनीतिक स्वतंत्रता कभी भी वास्तविक नहीं हो सकती जब तक उसे आर्थिक समानता प्राप्त न हो।''

**41. Post-modernist political thought originated primarily in which of the following countries?**
**निम्नलिखित में से किस देश में उत्तर आधुनिकतावादी राजनीतिक चिंतन प्रमुख रूप से प्रार्दुभाव हुआ?**

(a) America/अमेरिका (b) France/फ्रांस
(c) Britain/ब्रिटेन (d) Germany/जर्मनी

**Ans. (b) :** उत्तर आधुनिकतावादी चिंतन का प्रादुर्भाव प्रमुख रुप से फ्रांस में हुआ माना जाता है।

- इसके प्रमुख समर्थक फ्रेंच विचारक मिशेल फुकोल्ट है। ये उत्तर संरचनावादी मार्क्सवादी विचारक है।
- आधुनिकतावाद से अलग उत्तर आधुनिकतावाद विवेक की भी सीमा निर्धारित करता है। इसलिए इसे उत्तर आधुनिकतावाद कहा जाता है।

**42. Which of the following Declaration pronounced that "All men are created equal?"**
**किस घोषणा पत्र ने घोषित किया था कि ''सभी व्यक्ति समान रूप से निर्मित हैं?''**

(a) Magna Carta/मैग्ना कार्टा
(b) American Declaration of Independence /अमेरिकी स्वतंत्रता का घोषणा पत्र
(c) French Declaration of the Rights of Man and Citizens/मनुष्य और नागरिकों के अधिकारो का फ्रेंच घोषणा पत्र
(d) Universal Declaration of Human Rights /मानवाधिकारों का सार्वभौम घोषणा पत्र

**Ans. (b) :** वर्ष 1776 के अमेरिकी स्वतंत्रता के घोषणा पत्र में घोषित किया गया कि- ''सभी व्यक्ति समान रुप से निर्मित हैं।'' यह घोषणा पत्र थॉमस जैफरसन द्वारा लिखा गया था।

**43. Which of the following dose not mention in the Arthshastra of Kautilya?**
**निम्नलिखित में से किसका कौटिल्य के अर्थशास्त्र में वर्णन नहीं मिलता हैं?**
(a) Disarmament/निःशस्त्रीकरण
(b) Disaster Management/आपदा प्रबन्धन
(c) State-craft/शासन-कला
(d) Diplomacy/कूटनीति

**Ans. (a) :** कौटिल्य का अर्थशास्त्र भारतीय राजनीतिक चिंतन का एक प्रमाणिक और उच्च स्तर का ग्रन्थ है। इसमें राजनीतिक विषयों पर भारतीय चिंतन की उत्कृष्टता तथा दूरदर्शिता का प्रत्यक्ष प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। जो आज के समय में भी प्रासांगिक हैं।
अर्थशास्त्र में 15अधिकरण, 150 अध्याय और 180 प्रकरण हैं। यह शासन कला (State craft) पर लिखा गया एक ग्रन्थ है। इसमें कौटिल्य ने कूटनीति पर विस्तार से चर्चा किया है। कौटिल्य ने आपदा प्रबंधन पर भी विस्तार से चर्चा किया है। कौटिल्य ने विपत्तियों (संकटों) को आठ प्रकार का बताया है। जो अधोलिखित रूप में इस प्रकार हैः- अग्नि, जल, बीमारी, दुर्भिक्ष, चूहे, व्याघ्र, राक्षस। निःशस्त्रीकरण एक आधुनिक अवधारणा है। जिसका उल्लेख अर्थशास्त्र में नहीं है।

**44. Who amongst the following philosopher said that "equality is unnatural and undesirable"?**
**निम्नलिखित में से किस दार्शनिक ने कहा था कि ''समानता अप्राकृतिक और अवान्छनीय है।''?**
(a) Plato/प्लेटो (b) Arstoue/अरस्तू
(c) Hegel/हेगेल (d) Hobbes/हॉब्स

**Ans. (b) :** अरस्तू के अनुसार, समानता अप्राकृतिक और अवांछनीय है।
अरस्तू ने दो प्रकार की समानता का उल्लेख किया है-
I. आनुपातिक समानता
II. निरपेक्ष समानता
- अरस्तू ने दास प्रथा को प्राकृतिक माना।
- अरस्तू महिलाओं, बच्चों, बूढ़ों व दासों को नागरिक नहीं मानते।

**प्रमुख रचनाएँः-**
- Politics
- Poetics
- The Categories
- Topics
- On The Soul and on memory and Recollection

**45. Which one of the following thinkers tried to combine elitist theory with Marxism?**
**निम्नलिखित में से किस विचारक ने अभिजन सिद्धान्त को मार्क्सवाद के साथ जोड़ने का प्रयास किया?**
(a) Robert Michels/रॉबर्ट माइकल्स
(b) James Burham/जेम्स बर्नहम
(c) Vilfredo Pareto/विलफ्रेडो परेटो
(d) Hegel/हीगल

**Ans. (b) :** जेम्स बर्नहम अमेरिकी दार्शनिक और राजनीतिक सिद्धान्तकार था। इसने शीत युद्ध के दौरान वैश्विक स्तर पर साम्यवाद के प्रसार को रोकने के लिए अमेरिका द्वारा अपनायी गयी रोकथाम नीति (Containment Policy) को अस्वीकार किया और साम्यवाद पर महत्वपूर्ण नीतियों में बदलाव लाने के लिए दबाव डालने की रणनीति का समर्थन किया।
बर्नहम ने अपनी प्रसिद्ध रचना 'The managerial Revolution' (1941) के अन्तर्गत वैश्विक पूँजीवाद के भविष्य के बारे में अपना विचार प्रस्तुत किया जो युद्ध कालीन विकास पर आधारित था।
बर्नहम ने अपनी एक अन्य प्रसिद्ध पुस्तक 'The Machiavllians: Defendrs of freedom' (1943) में उदीयमान नव अभिजन से सम्बन्धित सिद्धान्त' का प्रतिपादन किया।

**46. Who amongst the following thinkers has given the idea of an Omnipotent Sovereing?**
**निम्नलिखित में से किस विचारक ने एक सर्वशक्तिमान सम्प्रभु का विचार दिया है?**
(a) Rausseau/रूसो (b) T. Hobbes/टी. हॉब्स
(c) Locke/लॉक (d) J.S. Mill/जे.एस. मिल

**Ans. (b) :** थॉमस हॉब्स ने एक सर्वशक्तिमान संप्रभु का विचार प्रतिपादित किया।
हॉब्स के अनुसारः- संप्रभुता सर्वोच्च शक्तिशाली, असीमित, अदेय निरंकुश एवं अविभाज्य है।
- हॉब्स ने राज्य को पूर्णसत्तावादी मानते हुए कहा कि सम्प्रभु का आदेश ही विधि है।

प्रमुख रचनाएँः-
1. Leviathan (अंग्रेजी भाषा में रचित) (1651)
2. De Corpore, (1655) (लैटिन भाषा)
3. Elements of Law: Natural and Politic (1650) (हॉब्स की प्रथम रचना)

**47. "One can forget the death of one's father but not the loss of patrimony". Who said?**
**''व्यक्ति अपने पिता की मृत्यु को भूल सकता है, पर अपनी पैतृक सम्पत्ति के हानि को नहीं ।'' यह किसने कहा ?**
(a) Machiavelli/मैकियावेली
(b) Hobbes/हॉब्स
(c) Lenin/लेनिन
(d) Mao Tse Tung/माओ त्से तुंग

**Ans. (a) :** ''व्यक्ति अपने पिता की मृत्यु भूल सकता है, किंतु पैत्रिक सम्पत्ति की हानि को नहीं'' यह मैकियावेली का (1469-1527) प्रसिद्ध कथन है।
- मैकियावेली को आधुनिक युग का उद्धारक विचारक कहा जाता है।
- मैकियावेली ने अपनी प्रसिद्ध रचना 'The Prince' (1523) 'शासन-कला' का विचार देते हुए कहा कि राजा को शासन संचालन में भय व प्रेम दोनों गुणों का प्रयोग करना चाहिए।

**48. J.S. Mill defines "Utility" as:**
**जे.एस. मिल ''उपयोगिता'' को परिभाषित करता है**
(a) a usefulness for some craft/कुछ शिल्प के लिए उपयोगिता
(b) usefulness to sociey/समाज के लिए उपयोगिता
(c) pleasure and absence of pain
आनंद तथा कष्ट अनुपस्थिति
(d) it promotes the interests of all and does not harm anyone/यह सभी के हितों को बढ़ावा देता है तथा किसी को नुकसान नहीं पहुँचाता है।

**Ans. (c) :** जे. एस. मिल उपयोगिता को इस प्रकार परिभाषित किया है "Actions are right in proportion as they tend to promote happiness, wrong as they tend to produce the

reverse of Happiness (कार्यवाई उसी अनुपात में सही होती है, जब वे खुशी को बढ़ावा देते है, गलत है क्योंकि वे खुशी के विपरीत उत्पादन करते हैं) मिल सुख को सुख और दुख की अनुपस्थिति के रुप में परिभाषित करते हैं। उनका तर्क है कि आनंद गुणवत्ता और मात्रा में भिन्न हो सकता है और यह कि सुख जो किसी के उच्च संकायों में निहित है उन्हें आधारभूत सुखों की तुलना में अधिक भारित किया जाना चाहिए।

**49. Which of the following Indian participated all three round tanle conferences?**
**निम्न में से किस भारतीय ने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया था?**

(a) Mahatma Gandhi/महात्मा गांधी
(b) J.L. Nehru/जे.एल. नेहरू
(c) B.R. Ambedkar/बी.आर.अम्बेडकर
(d) Madan Mohan Malviya/मदनमोहन मालवीय

**Ans. (c) :** डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया था।
गोलमेज सम्मेलनः- आयोजन- 1930-1932 के मध्य कुल तीन गोलमेज सम्मेलन आयोजित हुए।
उद्देश्यः- अंग्रेज सरकार द्वारा भारत शासन अधिनियम 1935 के पूर्व भारत में संवैधानिक सुधारों पर चर्चा के लिए।
● साइमन आयोग की रिपोर्ट की जाँच के लिए।
प्रथम गोलमेज सम्मेलन (नव. 1930 -जन. 1931)
द्वितीय गोलमेज सम्मेलन (सित. - दिस.1931)
तीसरा गोलमेज सम्मेलन (नव.- दिस. 1932)

**50. David Easton's concept of persistence of the political system is originally derived from which of the following disciplines?**
**डेविड ईस्टन की राजनीतिक प्रणाली की दृढ़ता की अवधारणा मूल रूप से निम्न में से किस विषय से ली गयी है ?**

(a) Biological seience/जैविक विज्ञान
(b) Physical Science/भौतिक विज्ञान
(c) Communication science/संचार विज्ञान
(d) Social Science/सामाजिक विज्ञान

**Ans. (a) :** डेविड ईस्टन ने अपनी पुस्तक 'पॉलिटिकल सिस्टमः एन इंक्वायरी इंटू द स्टेट ऑफ पॉलिटिकल साइंस (1953) में अपना प्रणाली विश्लेषण प्रस्तुत किया है। डेविड ईस्टन ने ऐसे सिद्धान्त का निर्माण करना चाहा जिसमें सारे सामाजिक विज्ञान समा जाएं। डेविड ईस्टन प्रणाली विश्लेषण की दृढ़ता की अवधारणा मूल रुप से जैविक विज्ञान से ली गई है जिस प्रकार मानव शरीर की जो विशेषता है वही विशेषता प्रणाली विश्लेषण की है जैसे- (1) मानव शरीर के समस्त अंग एक-दूसरे से सम्बद्ध होते है वैसे ही समाज की सभी संस्थाएँ एक-दूसरे से सम्बद्ध है।
(2) मानव शरीर के अंग जिस तरह से एक दूसरे पर आश्रित है वैसे ही प्रणाली विश्लेषण में विभिन्न संस्थाएँ (कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका) एक-दूसरे पर आश्रित है।
(3) जिस प्रकार मानव शरीर के अंग एक-दूसरे पर क्रिया करते है वैसे ही राजनीतिक प्रणाली में परस्पर क्रिया होती है।

**51. Who amongst these gave the nine grand processes of modernization?**
**निम्न में से किसने आधुनिकीकरण की नव भव्य प्रक्रियाओं का सिद्धान्त दिया है?**

(a) Lucian Pye/लुसियन पाइ
(b) C.F. Black/सी.एफ. ब्लैक
(c) Daniel Carmani/डेनियल कार्मानी
(d) Gabriel Almond/गैब्रियल आमण्ड

**Ans. (b) :** आधुनिकीकरण एक ऐसी प्रक्रिया का संकेतक होता है। जो एक कृषि आधारित समाज/अविकसित समाज को तुलनात्मक रूप से सक्षम और सक्रिय सरकार वाले औद्योगिक समाज में बदलने हेतु जुड़ते हैं। यह प्रक्रिया औद्योगिकरण और शहरीकरण का समर्थन करती है।
आधुनिकीकरण की नव भव्य प्रक्रियाओं का सिद्धान्त सी.एफ.ब्लैक द्वारा दिया गया है। ब्लैक का मानना है कि "आधुनिकीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है। जिसके अन्तर्गत ऐतिहासिक रूप से उत्पन्न संस्थाएँ तेजी से बदलती हुई नई जिम्मेदारियों के साथ अनुकूलित होती हैं। जिसमें वैज्ञानिक प्रगति से जुड़े अपने परिवेश पर नियंत्रण की क्षमता वाले मनुष्य के ज्ञान में अभूतपूर्व वृद्धि दिखाई पड़ती है।"

**52. Which of the following is a characteristic of traditional approach to comparative politics?**
**निम्न में से कौन तुलनात्मक राजनीति के परंपरागत दृष्टिकोण की विशेषता है?**

(a) Disaggregates facts and values.
तथ्यों एवं मूल्यों को अलग करता है।
(b) Interrelates facts and values historically.
ऐतिहासिक रूप से तथ्यों एवं मूल्यों को परस्पर संबंधित करता है।
(c) Discards factual analysis.
तथ्यात्मक विश्लेषण को त्यागता है।
(d) Discards normative analysis.
प्रमाणिक विश्लेषण को त्यागता है।

**Ans. (b) :** तुलनात्मक राजनीति के परम्परागत उपागम के अन्तर्गत राजनीतिक संस्थाओं, संगठनों एवं सरकारो का तुलनात्मक अध्ययन किया जाता था। इस अध्ययन के अन्तर्गत तथ्यों और मूल्यों के मध्य परस्पर सम्बन्ध पाया जाता है। यद्यपि इसमें मूल्यों, आदर्शो की अधिकता पाई जाती है। और तथ्यों की न्यूनता पाई जाती है।
उदाहरण के तौर पर जब प्लेटों ने अपने समय में एथेन्स और स्पार्टा की शिक्षा पद्धतियों का तुलनात्मक अध्ययन करके अपनी शिक्षा पद्धति प्रस्तुत किया, तो वह अध्ययन मूल्यात्मकता से ओत-प्रोत था, किन्तु तथ्य रहित नहीं था।

**53. The Philadelphia Convention of 1787 revised which type of constitutional system in United States of America?**
**1787 के फिलाडेल्फिया कन्वेंशन ने संयुक्त राज्य अमेरिका में किस प्रकार की संविधान प्रणाली को संशोधित किया?**

(a) Unitary system/एकात्मक प्रणाली
(b) Confederation/कान्फेडरेशन
(c) Federation/संघीय
(d) Semi-Presidential type/अर्द्ध अध्यक्षीय प्रणाली

**Ans. (b) :** संविधान के फिलाडेल्फिया कन्वेंशन ने संयुक्त राज्य अमेरिका में कॉन्फेडरेशन प्रणाली को संशोधित किया। 'The Articles of confederation (1781-89) के तहत पहला संविधान लिखा गया संविधान सभा में व्यापक रुपरेखाओं का प्रस्ताव रखा गया उन पर बहस हुई जिसमें विशेष रुप से जेम्स मैडिसन की वर्जीनिया योजना और विलियम पैटर्सन की न्यू जर्सी योजना।

वर्जीनिया योजना को नई सरकार के आधार के रुप में चुना गया और प्रतिनिधियों ने प्रत्येक शाखा (विधायी, कार्यकारी और न्यायिक) के साथ एक संघीय सरकार के सामान्य खाका पर आम सहमति व्यक्त की।
इस प्रकार पहले की कॉन्फेडरेशन प्रणाली को संशोधित करते हुए जब नया संविधान बनाया गया उसके बाद एक नई प्रणाली के रुप में फेडरेशन को शामिल किया गया।

**54. Constiutionalism is considered as a pre condition for which form of government ?**
**निम्नलिखित में से किस प्रकार की सरकार के लिए संविधानवाद एक पूर्व शर्त माना जाता है?**
(a) Socialist/समाजवादी
(b) Democratic/लोकतांत्रिक
(c) Monarchy/राजतंत्र
(d) Unitary/एकात्मक

**Ans. (b) :** लोकतांत्रिक सरकार के लिए संविधानवाद की अनिवार्य उपस्थिति को पूर्व शर्त माना जाता है।
संविधानवादः- (Constitutionalism)
जहाँ संविधान शासन संचालन हेतु लिखित रुप में नियमों, उपनियमों, कानूनों आदि का संग्रहित दस्तावेज है, वहीं संविधानवाद से तात्पर्य आदर्शो एवं मूल्यों पर आधारित शासन संचालन से है। जैसे स्वतंत्रता, समानता, अधिकार आदि।

**55. Separation of power as the cardinal principle of political system was established in which of the following contries?**
**निम्नलिखित में से किस देश में राजनीतिक व्यवस्था के प्रमुख सिद्धान्त के रूप में शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धान्त स्थापित हुआ?**
(a) Britain/ब्रिटेन (b) America/अमेरिका
(c) Germany/जर्मनी (d) France/फ्रांस

**Ans. (b) :** शक्तियों का पृथक्करण सिद्धांत राजनीतिक व्यवस्था के प्रमुख सिद्धांत के रुप में अमेरिका में स्थापित हुआ।
- शक्तियों का पृथक्करण सिद्धांत फ्रांसीसी दार्शनिक माण्टेस्क्यू द्वारा प्रतिपादित किया गया। इस व्यवस्था में शक्ति राज्य के तीन प्रमुख भागों कार्यपालिका विधायिका एवं न्यायपालिका में विभक्त होती है।
- यह व्यवस्था राज्य को निरंकुश हो जाने से रोकती है, जिससे व्यक्ति की/नागरिक की स्वतंत्रता सुनिश्चित होती है।

**56. Which of the following options explain the term "Political Culture"?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प ''राजनीतिक संस्कृति'' का अर्थ बताता है?**
(a) Trade Unions and Labour Unions
ट्रेड यूनियन और श्रमिक संगठन
(b) Political parties and Pressure group
राजनीतिक दल और दबाव समूह
(c) Political Instituions and Political values
राजनीतिक संस्थाएँ और राजनीतिक प्रणालिया
(d) Political beliefs and Political values
राजनीतिक मान्यताएँ और राजनीतिक मूल्य

**Ans. (d) :** राजनीतिक संस्कृति से तात्पर्य राजनीतिक मान्यताओं एवं राजनीतिक मूल्यों से है।
राजनीति विज्ञानियों द्वारा राजनीतिक संस्कृति को राजनीतिक समाज के मूल्यों, आदर्शों, विचारों आदि के समूह कहा गया है।
सर्वप्रथम वर्ष 1856 में ऑमण्ड द्वारा इस अवधारणा का प्रयोग किया गया।

**57. The first meeting of the Constituent Assembly had taken place on December 9, 1946 was presided by whom as its interim president?**
**9 दिसम्बर 1946 को आयोजित संविधान सभा की प्रथम बैठक का अंतरिम अध्यक्ष कौन था ?**
(a) Pt. jawaharlal Nehru/पं. जवाहर लाल नेहरू
(b) Dr. Sachidanand Sinha/डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा
(c) Dr. B. R. Ambedkar/डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(d) Dr. Rajendra Prasad/डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**Ans. (b) :** 9 दिसम्बर 1946 को आयोजित संविधान सभा की पहली बैठक के अंतरिम अध्यक्ष डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा थे। 11 दिसम्बर 1946 को डॉ. रॉजेन्द्र प्रसाद को स्थायी अध्यक्ष के रुप में चुना गया।
- संविधान सभा को संबोधित करने वाले प्रथम व्यक्ति आचार्य जे.वी. कृपलानी थे।

**58. Economic Justice as one of the objectives of the Indian Constitution has been provided in?**
**आर्थिक न्याय का सिद्धान्त भारतीय संविधान के किस भाग से सम्बन्धित है?**
(a) The Preamble and the fundamental rights/प्रस्तावना और मूल अधिकार
(b) The Preamble and directive princtive principle of state policy/प्रस्तावना और राज्य के नीति निदेशक तत्व
(c) The fundamental rights and directive principle of state policy/मूल अधिकार और राज्य के नीति निदेशक तत्व
(d) Fundamental duties/मूल कर्तव्य

**Ans. (b) :** भारतीय संविधान की प्रस्तावना व राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों ( भाग-4, अनुच्छेद 36-51) के अंतर्गत आर्थिक न्याय का उल्लेख किया गया है।
- मूल अधिकारों के अंतर्गत अनुच्छेद 31 में संपत्ति के अधिकार का भी प्रावधान भारतीय संविधान में था। जिसे 44वें संविधान संशोधन अधिनियम - 1978 द्वारा समाप्त कर अनुच्छेद 300(क) के अंतर्गत विधिक अधिकार बना दिया गया।

**59. In Indian Constitution Fundamental Duties were incorporated on the recommendation of?**
**भारतीय संविधान में मूल कर्तव्य किसके सिफारिश के उपरान्त किया गया?**
(a) Shah Committee/शाह समिति
(b) S. Varadachari Committee/एस. वरादाचारी समिति
(c) Swaran Singh Committee/स्वर्ण सिंह समिति
(d) Mehta Committee/मेहता समिति

**Ans. (c) :** भारतीय संविधान में मूल कर्तव्य स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों के बाद जोड़े गये थे।
- वर्ष 1976 में किये गये 42 संविधान संशोधन में अन्य प्रावधानों जैसे प्रस्तावना आदि के साथ-साथ मूल कर्तव्यों को भी स्थान दिया गया। रूस के संविधान से लिये गये मूल कर्त्तव्यों को भारतीय संविधान के भाग IV-A में अनुच्छेद 51-A के अंतर्गत रखा गया।
- भारतीय संविधान में मूल कर्त्तव्यों की कुल संख्या 11 है। जिसमें से 11वाँ मूल कर्त्तव्य अनिवार्य शिक्षा 86वें संविधान संशोधन अधिनियम-2002 द्वारा जोड़ा गया।

60. **In which year voting age was lowered from 21 years to 18 years?**
**किस वर्ष में मतदान आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गयी थी ?**
(a) 1984 (b) 1986
(c) 1989 (d) 1991

**Ans. (c) :** वर्ष 1989 में 61वें संविधान संशोधन अधिनियम-1988 द्वारा भारत में मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई।

61. **Which year anti-defection law was implenented?**
**दल-बदल विरोधी कानून किस वर्ष में लागू किया गया?**
(a) 1984 (b) 1985
(c) 1986 (d) 1987

**Ans. (b) :** 52वें संविधान संशोधन अधिनियम - 1985 के माध्यम से दसवीं अनुसूची जोड़कर इस कानून का प्रावधान किया गया। जिसमें प्रावधान किया गया कि इस दल-बदल कानून का उल्लंघन करने पर निर्वाचित सदस्य, सदस्यता हेतु अयोग्य घोषित माना जायेगा।
1985 के इस कानून की कमियों को संदर्भित करते हुए भारत सरकार द्वारा 2003 में 91वाँ संविधान संशोधन पारित किया गया। इसमें यह निर्धारित किया गया कि जब किसी दल विशेष के 2/3 सदस्य अन्य दल में विलय हेतु सहमत होंगे तभी इस दल-बदल को वैध माना जायेगा। 1985 के प्रावधानों में यह संख्या 1/3 रखी गई थी, जिसका व्यापक स्तर पर दुरुपयोग किया गया।

62. **Which Article of the Indian Constiution is related to Uniform Civil Code?**
**भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद समान नागरिक संहिता के बारे में है?**
(a) Article-29/अनुच्छेद-29
(b) Aritcle-30/अनुच्छेद-30
(c) Aritcle-43/अनुच्छेद-43
(d) Aritcle-44/अनुच्छेद-44

**Ans. (d) :** भारतीय संविधान के भाग-4 के अंतर्गत अनुच्छेद- 44 में समान नागरिक संहिता का उल्लेख किया गया है।
अनुच्छेद- 44
राज्य समस्त भारतीय भू-भाग के नागरिकों के लिए एक ''समान नागरिक संहिता'' बनाने का प्रयास करेगा।

63. **Which Article of Constitution of India has provision for the Joint Session of Parliament?**
**भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में संसद के संयुक्त सत्र का प्रावधान है ?**
(a) Aritcle-81/अनुच्छेद-81
(b) Aritcle-93/अनुच्छेद-93
(c) Aritcle-105/अनुच्छेद-105
(d) Article-108/अनुच्छेद-108

**Ans. (d) :** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 108 संसद के संयुक्त बैठक का प्रावधान करता है।
- किसी विधेयक के संसद में पारित होने के संदर्भ में उत्पन्न गतिरोध को दूर करने हेतु भारत के राष्ट्रपति द्वारा संयुक्त बैठक का आयोजन किया जाता है। अनुच्छेद 108 के अनुसार इस अधिवेशन/सत्र की अध्यक्षता लोक सभा अध्यक्ष करता है।
- अब तक कुल 3 बार संसद की संयुक्त बैठक का आयोजन किया जा चुका है। जो अधोलिखित रूप में इस प्रकार है-

I. दहेज प्रतिषेध अधिनियम - 1961
II. बैंकिंग सेवा अधिनियम - 1978
III. आतंकवाद निवारक अधिनियम - 2002

64. **How many subjects are there in concurrent list after 42nd Constitution Amendment?**
**समवर्ती सूची में 42 वें संविधान संशोधन के उपरान्त कितने विषय है ?**
(a) 52 (b) 61
(c) 64 (d) 97

**Ans. (a) :** मूल भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के तीसरी सूची (समवर्ती सूची) में कुल 47 विषय शामिल थे। 42 वें संविधान संशोधन अधिनियम - 1976 द्वारा इसमें 5 अन्य विषयों को राज्य सूची से स्थानांतरित किया गया। जो निम्न लिखित हैं-
1. शिक्षा 2. वन 3. भार एवं माप 4. जंगली जन्तु एवं पक्षियों का संरक्षण 5. न्यायिक प्रशासन (उच्च एवं उच्चतम न्यायालयों को छोड़कर सभी न्यायालय)
अतः वर्तमान में सातवीं सूची के अंतर्गत समवर्ती सूची में कुल 52 विषय शामिल हैं।
**Note:-** संघ सूची- कुल 100 विषय (पूर्व में 97)
राज्य सूची- कुल 61 विषय (पूर्व में 66)

65. **Rearrange the following in chronological order:**
**1. Punchhi Commission**
**2. Anandpur Sahib Resolution**
**3. Administrative Reforms Commission**
**4. Rajamannar Committee**
**निम्नलिखित को कालानुक्रमिक क्रम में पुर्नव्यवस्थित करेः**
**1. पुंछी आयोग-**
**2. आनन्दपुर साहिब आयोग-**
**3. प्रशासनिक सुधार आयोग-**
**4. राजमन्नार समिति-**
(a) (1), (2), (4) and (3) /(1), (2), (4) और (3)
(b) (2), (4), (1), and (3)/(2), (4), (1) और (3)
(c) (4), (1), (2),and (3)/(4), (1), (2) और (3)
(d) (3), (4), (2), and (1)/(3), (4), (2) और (1)

**Ans. (d) :** 1. प्रशासनिक सुधार आयोग - 1966
2. राजमन्नार समिति - 1970
3. आनंदपुर साहिब प्रस्ताव - 1973
4. पुंछी आयोग - 2007
Note:- प्रश्नोत्तर संख्या- 35 की व्याख्या देखें।

66. **Megasthenes visited India during the rule of :**
**मेगस्थनीज किसके समय में भारत आया था?**
(a) Ashok/अशोक
(b) Chandragupta Maurya/चंद्रगुप्त मौर्य
(c) Harshavardhan/हर्षवर्धन
(d) Kumargupta/कुमारगुप्त

**Ans. (b) :** मेगस्थनीज एक यूनानी राजदूत और इतिहासकार था। यह चन्दुगुप्त मौर्य के शासन काल में सेल्यूकस के राजदूत के रूप में भारत (पाटलिपुत्र) में रहा। इसने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'इण्डिका' में मौर्य कालीन प्रशासन का विस्तृत उल्लेख किया है।

मेगस्थनीज पहला व्यक्ति था, जिसने प्राचीन भारत का वर्णन किया। उसने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'इण्डिका' में तत्कालीन भारतीय सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक दशा का स्पष्ट उल्लेख किया है। इसी कारण से उसे 'भारतीय इतिहास का पिता' भी कहा जाता है।

**नोटः-**

1. मेगस्थनीज ने अपनी प्रसिद्ध रचना 'इंडिका' में भारत को 'चार कोणों वाली समतल आकृति (Quadilateral)' के रूप में प्रस्तुत किया है।
2. मेगस्थनीज ने भारत की स्थलाकृति पर विशेष जोर दिया है।
3. मेगस्थनीज का मानना था कि भारतीय सात जातियों में विभाजित थे।

**67. Which of the following pair is not correct?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?**

(a) Jais-E-Mohammad-Pakistan
जैश-ए-मोहम्मद-पाकिस्तान
(b) Irish Republic Army-Ireland
आयरिस रिपब्लिक आर्मी-आयरलैण्ड
(c) LTTE-India/एल.टी.टी.ई.-भारत
(d) ISIS-Syria/आई.एस.आई.एस.-सीरिया

**Ans. (c) :** जैश-ए-मोहम्मद एक पाकिस्तान आधारित देवबन्दी, मुजाहिदीन संगठन है। जो कश्मीर में सक्रिय एक आतंकवादी संगठन है। इसका प्रमुख उद्देश्य भारत से कश्मीर को पृथक करके पाकिस्तान में शामिल करना है। इसकी स्थापना 2000 में हुई। इसका मुखिया- 'मौलाना मसूद अजहर' है।

आयरिश रिपब्लिक आर्मी, आयरलैंड की मुक्ति के लिए गठित एक क्रान्तिकारी सैनिक संगठन था। इसका मुख्य उद्देश्य आयरलैंड से ब्रिटिश शासन का समापन था। 'आयरिश रिपब्लिकन ब्रदरहुड' नामक संगठन इसका प्रारम्भिक संगठन था। जिसकी स्थापना 1913 में की गई थी। 2005 से इसने अपने सशस्त्र अभियान को समाप्त करने की घोषणा किया।

एल.टी.टी.ई. 1976 में वी. प्रभाकरन के नेतृत्व में गठित एक श्रीलंकाई अलगाववादी संगठन था। जिसका उद्देश्य उत्तरी श्रीलंका में हिन्दू तमिलों के लिए एक स्वतंत्र देश की स्थापना करना था। 2009 में श्रीलंकाई सेना ने अपने एक निर्णायक अभियान में इसका समूल नाश कर दिया।

**68. Who was the First Prime Minister of Pakistan?**
**पाकिस्तान का पहला प्रधानमंत्री कौन था?**

(a) Mohammad Ali Jinnah/मोहम्मद अली जिन्ना
(b) Liyakat Ali/लियाकत अली
(c) Zia-ul-Haq/जियाउल हक
(d) Ayub Khan/अयूब खान

**Ans. (b) :** लियाकत अली खान (1895-1951) पाकिस्तान के प्रथम प्रधानमंत्री थे। यह 15 अगस्त 1947 से 16 अक्टूबर 1951 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री थे। 1951 में एक राजनीतिक रैली के दौरान रावलपिण्डी में इनकी हत्या कर दी गई थी।

**नोटः-**

**1.** यह भारत की अन्तरिम सरकार में वित्त मंत्री (1946-14 अगस्त 1947)
2. यह कायदे-ए-मिल्लत (देश के नेता) के रूप में जाने जाते थे।

**69. Where is the headquarter of World Trade Organisation (WTO)?**
**विश्व व्यापार संगठन (डब्लू टी ओ) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**

(a) New York/न्यूयार्क (b) Paris/पेरिस
(c) Geneva/जेनेवा (d) Berlin/बर्लिन

**Ans. (c) :** विश्व व्यापार संगठन 1 एक जनवरी 1995 को अस्तित्व में आता है। यह विश्व व्यापार पर नजर रखने वाली एक अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है। इसके प्रावधान सदस्य देशों पर बाध्यकारी होते है। अब तक 164 देश इसकी सदस्यता ग्रहण कर चुके है। अफगानिस्तान (29 जुलाई 2016) इसका सबसे नवीनतम सदस्य है। इसका मुख्यालय जेनेवा में है।

भारत इसका संस्थापक सदस्य है।

**70. Who was the President of USSR in 1971 during the signing of Indo-Russian treaty?**
**1971 की भारत-रूस सन्धि के समय रूस का राष्ट्रपति कौन था?**

(a) Stalin/स्टालिन
(b) Gorbachev/गोर्बाचेव
(c) Leonid Brezhnev/लियोनिड ब्रेजनेव
(d) Yuri Andropov/यूरी आन्द्रोपोव

**Ans. (c) :** भारत और सोवियत संघ के मध्य 9 अगस्त 1971 को 'शान्ति मित्रता और सहयोग सन्धि-1971' नई दिल्ली में हस्ताक्षरित की गई। इस सन्धि पर भारत की ओर से 'स्वर्ण सिंह' (तत्कालीन विदेश मंत्री, भारतीय गणराज्य) तथा सोवियत संघ की ओर से आन्द्रे ग्रोमिको (तत्कालीन विदेश मंत्री, सोवियत संघ) ने हस्ताक्षर किये। यह एक 20 वर्षीय सन्धि थी। जिसके माध्यम से दोनों देशों ने पारस्परिक सहयोग को मजबूत बनाने पर जोर दिया। शीत युद्ध के दौरान की गई सन्धि सामरिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण थी। क्योंकि इस सन्धि के माध्यम से जहाँ भारत ने 'अमेरिका-चीन-पाकिस्तान रूपी त्रिकोण' से आसन्न खतरे और शरणार्थी आक्रमण से निपटने में सफलता प्राप्त किया, वहीं दूसरी ओर सोवियत संघ इस संन्धि के माध्यम सोवियत खेमे के प्रभाव में आई कमीं को पाटने में काफी हद तक सफल रहा।

**नोटः-**

1. इस संन्धि के समय इन्दिरा गाँधी भारत की प्रधानमंत्री थी।
2. इस संन्धि के समय 'लियोनिद ब्रेझनेव' सोवियत संघ के राष्ट्रपति थे।
3. रूस के प्रथम राष्ट्रपति 'बोरिस येल्तसिन' जनवरी 1993 में भारत की यात्रा पर आये।

# उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग परीक्षा 2016
# राजनीति विज्ञान

**व्याख्यात्मक हल प्रश्न पत्र** **परीक्षा तिथि : 05.01.2019**

**1. Who opines Indian democracy as a relatively successful example of the global idea of democracy?**
**किसने भारतीय प्रजातंत्र को प्रजातंत्र के वैश्विक विचार के संदर्भ में अपेक्षाकृत सफल उदाहरण माना है?**
(a) Atul Kohli/अतुल कोहली
(b) Gurpreet Mahajan/गुरप्रीत महाजन
(c) Rajni Kothari/रजनी कोठारी
(d) Jamesh Manor/जेम्स मेनर

**Ans. (a) :** अतुल कोहली ने भारतीय प्रजातंत्र को प्रजातंत्र के वैश्विक विचार के संदर्भ में अपेक्षाकृत सफल उदाहरण माना है।
'डेमोक्रेसी' शब्द की उत्पत्ति ग्रीक भाषा के शब्द 'डेमोस' एवं 'क्रेशिया' से हुई है। 'डेमोस' का अर्थ लोग तथा 'क्रेशिया' का अर्थ, शासन से है। अत: लोकतंत्र का आशय ''लोगों के शासन'' से है।

**2. When was the Panchayats (extension to the Scheduled Areas) Act passed by Parliament in India?**
**कब भारत में संसद ने पंचायत (एक्सटेंसन टू द सिडुल्ड एरियाज) कानून पारित किया?**
(a) 1993 (b) 1995
(c) 1996 (d) 1998

**Ans. (c) :** पेसा का पूरा नाम पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) विधेयक है। यह भूरिया समिति की सिफारिशों के आधार पर बना। दिसम्बर 1996 में संसद में विधेयक प्रस्तुत किया गया। दिसम्बर 1996 में ही यह दोनों सदनों से पारित हो गया तथा 24 दिसम्बर को राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त कर लागू हो गया।

**3. Which was the first state in India to establish the office of he Lok Aykta**
**भारत में लोकायुक्त की संख्या को स्थापित करने वाला पहला राज्य कौन था?**
(a) Orissa (Odisha)/ओड़िसा/ओड़िशा
(b) Maharashtra/महाराष्ट्र
(c) Rajasthan/राजस्थान
(d) Bihar/बिहार

**Ans. (b) :** लोकपाल संस्था की सबसे पहले स्थापना 1971 में महाराष्ट्र में की गई थी। हालांकि उससे संबंधित विधेयक ओडिसा में 1970 में पारित कर दिया था। ओडिसा में अधिनियम, 1983 में लागू हुआ था।

**4. Who was the chairman of Committee on Prevention of Corruption?**
**भ्रष्टाचार निरोधक समिति के अध्यक्ष कौन थे?**
(a) Morarji Desai/मोरारजी देसाई
(b) Ashok Mehta/अशोक मेहता
(c) J.B. Kripalani/जे.बी.कृपलानी
(d) K. Santhanam/के. संथानम

**Ans. (d) :** भ्रष्टाचार निरोधक समिति के अध्यक्ष के. संथानम थे। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट वर्ष 1962 में दिया।

**5. Which one of the following Cabinet committees in India is described as "Super Cabinet"?**
**निम्नलिखित में से किस एक कैबिनेट कमेटी को 'सुपर कैबिनेट' कहा जाता है?**
(a) Appointments committee of the cabinet
कैबिनेट की नियुक्ति समिति
(b) Cabinet committee on security
कैबिनेट की सुरक्षा समिति
(c) Cabinet committee on economic affairs
कैबिनेट की आर्थिक मामलों पर समिति
(d) Cabinet committee on political affairs
कैबिनेट की राजनीतिक मामलों पर समिति

**Ans. (d) :** कैबिनेट की राजनीतिक मामलों पर समिति को ''सुपर कैबिनेट'' कहा जाता है। यह केन्द्र राज्य सम्बन्धों में आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर महत्वपूर्ण है। यह भारत सरकार की अन्य सभी मंत्रिमंडलीय समितियों की तरह अतिरिक्त संवैधानिक निकाय है।

**6. When did the Directorate of Public Grievances came into existence?**
**जन शिकायत का निदेशालय कब अस्तित्व में आया?**
(a) 1982 (b) 1988
(c) 1994 (d) 1998

**Ans. (b) :** जन शिकायत निदेशालय की स्थापना 1 अप्रैल, 1988 में हुई। जन शिकायत आयोग एक अतिरिक्त मंच है, जहाँ जनता अपनी शिकायतों को दर्ज कर सकती है।

**7. It is my great anxiety that in this country we "should have administrative integrity first, efficiency next, economy third" with these conditions we will be able to build a happier society. Who said this?**
**यह मेरे लिये बड़ी चिन्ता है कि इस देश में ''सबसे पहले प्रशासनिक सदाचार, दूसरी दक्षता और तीसरे क्रम में अर्थव्यवस्था'' हो तो इस वातावरण में हम एक ज्यादा सुखी समाज का निर्माण कर सकेंगे। यह किसका कथन है।**
(a) Jawaharlal Nehru /जवाहरलाल नेहरू
(b) Dr. S. Radhakrishnan/डा. एस. राधाकृष्णन्
(c) K. Santhanam/के. सन्थानम्
(d) Morarji Desai/मोरारजी देसाई

**Ans. (b) :** डा. एस. राधाकृष्णन ने यह विचार व्यक्त किया कि ''यह मेरे लिये बड़ी चिन्ता है कि इस देश में सबसे पहले प्रशासनिक सदाचार, दूसरी दक्षता और तीसरे क्रम में अर्थव्यवस्था हो तो इस वातावरण में हम एक ज्यादा सुखी समाज का निर्माण कर सकेंगे।''

8. **Citizen's Charter was first introduced in which country?**
**सिटिजन्स चार्टर सर्वप्रथम किस देश में लागू किया गया?**

(a) India/भारत (b) U.S.A./अमेरिका
(c) U.K./यू.के. (d) Germany/जर्मनी

**Ans. (c) :** 1991 में सर्वप्रथम ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री जॉन मेजर ने नागरिक अधिकार पत्रों की शुरूआत की। इन अधिकार पत्रों में संगठन (प्रशासनिक कार्यालय) के उन सभी नियमों, कानूनों, प्रक्रियाओं एवं अधिकारों का वर्णन होता है। जो जनता के हितों का संवर्द्धन करते हैं।

9. **Which Prime Minister of India changed the name of prime Minister's Secretariat to the Prime Minister's Office (PMO)?**
**किस प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री का सचिवालय का नाम बदलकर प्रधान मंत्री का कार्यालय कर दिया।**

(a) Indira Gandhi/इंदिरा गाँधी
(b) Morarji Desai/मोरारजी देसाई
(c) Rajiv Gandhi/राजीव गाँधी
(d) P.V. Narasimha Rao/पी.वी. नरसिंहाराव

**Ans. (b) :** भारत के प्रधानमंत्री का कार्यालय (पी0एम0ओ0) से आशय भारत के प्रधानमंत्री के सीधे नीचे आने वाले नजदीकी अधिकारियों और कर्मचारियों के समूह से है। सन् 1977 तक 'प्रधानमंत्री कार्यालय' को 'प्रधानमंत्री सचिवालय' कहा जाता था, जिसे मोरारजी देसाई के प्रधानमंत्रित्व काल में बदलकर 'प्रधानमंत्री कार्यालय' कर दिया गया।

10. **Match List-I with list II and select the correct answer from the codes given below**
**सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए उत्तर दीजिए**

| List-I (Year) | | List-II (Event) | |
|---|---|---|---|
| A | 1991 | 1 | Ashok Mehta committee Report<br>अशोक मेहता समिति रिपोर्ट |
| B | 1978 | 2 | New Economic Policy<br>नयी आर्थिक नीति |
| C | 2009 | 3 | Right to Information Act<br>सूचना का अधिकार कानून |
| D | 2005 | 4 | Right to Education Act<br>शिक्षा का अधिकार कानून |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों का सही सुमेलन इस प्रकार है–
(i) अशोक मेहता समिति रिपोर्ट –1978
(ii) नयी आर्थिक नीति – 1991
(iii) सूचना का अधिकार –2005
(iv) शिक्षा का अधिकार कानून –2009

11. **Which article of the Indian Constitution directs the State to secure a social order for the promotion of welfare of the people?**
**भारतीय संविधान की कौन सी धारा राज्य के लोगों के कल्याण की वृद्धि के लिये सामाजिक व्यवस्था को सुनिश्चित करने का निर्देश देती है।**

(a) Article 42/धारा 42 (b) Article 164/धारा 164
(c) Article 38/धारा 38 (d) Article 338/धारा 338

**Ans. (c) :** अनुच्छेद 38 कल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक व्यवस्था बनाएगा, जिससे नागरिक को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय मिलेगा। अनुच्छेद 39(क) समान न्याय और नि:शुल्क विधिक सहायता, समान कार्य के लिए समान वेतन की व्यवस्था इसी में है।

12. **How many reports the Second Administrative Reforms Commission presented to the Government for consideration?**
**द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने सरकार के विचारार्थ कितने रिपोर्ट दिये?**

(a) 10 (b) 12
(c) 15 (d) 17

**Ans. (c) :** 31 अगस्त, 2005 को सरकार ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में ''द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग'' का गठन किया गया। आयोग के अध्यक्ष ने जब वर्ष 2009 मे पद त्यागा, तब तक यह अपनी सिफारिशों की 15 रिपोर्टस दे चुका था।

13. **"2012 will go down in the history of Indian democracy as defining year. A year in which citizen came centre stage and debunked the old age myth of the silent majority." who said this?**
**''2012 भारतीय प्रजातंत्र के इतिहास में परिभाषित करने वाले वर्ष के रूप में जाना जायेगा। यह एक ऐसा वर्ष था जिसमें नागरिक मुख्य केन्द्र में आये तथा उन''**

(a) Pranab Mukherjee/प्रणब मुखर्जी
(b) Vinod Rai/विनोद राय
(c) Anna Hazare/अन्ना हजारे
(d) A.P.J. Abdul Kalam/ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

**Ans. (b) :** विनोद राय भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के अधिकारी रहते हुये कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। वे भारत के 11वें नियंत्रक महालेखा परीक्षक भी रहे हैं। इनका मानना है कि ''2012 भारतीय प्रजातंत्र के इतिहास में परिभाषित करने वाले वर्ष के रूप में आया तथा उन्होंने पहले से चली आ रही मूक बहुमत के मिथक को तोड़ दिया।''

14. **When did the Government of India decide to separate the audit from the accounts?**
**भारत की सरकार ने कब अंकेक्षण को लेखा से अलग करने का निर्णय लिया?**

(a) 1972 (b) 1976
(c) 1978 (d) 1980

**Ans. (b) :** नियंत्रक महालेखा परीक्षक के कर्त्तव्यों, शक्तियों एवं सेवा शर्तों से सम्बन्धित एक्ट, भारतीय संसद द्वारा 1971 में पास किया गया। बाद में इस एक्ट में संशोधन करके सन् 1976 ई0 को अंकेक्षण को लेखा से अलग करने का निर्णय लिया गया।

**15. Name the scholar who analyzed leadership as "Circular Response."**
**निम्नलिखित में से किस विद्वान ने नेतृत्व को ''सर्कुलर रिस्पांस'' के रूप में विश्लेषित किया?**
(a) Taylor/टेलर
(b) Millet/मिलेट
(c) M.P. Follett/एम.पी. फोलेट
(d) C.I. Barnard/सी.आई. बर्नार्ड

**Ans. (c) :** एम0पी0 फॉलेट (1868-1933) को संगठन के क्लासिकीय उपागम और व्यवहारीय मानव संबंध उपागम के बीच का पुल माना जाता है। फॉलेट ने नेतृत्व को ''सर्कुलर रिस्पांस'' के रूप में विश्लेषित किया। मिलेट के अनुसार, ''नेतृत्व अक्सर परिस्थितियों से बनता बिगड़ता है।''

**16. Who has termed India as an example of "Polycentric Nationalism"**
**निम्नलिखित में से किसने भारत को ''बहुकेन्द्रिक राष्ट्रवाद'' के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है।**
(a) Partha Chatterji/पार्थ चटर्जी
(b) Anthony D. Smith/एन्थनी डी. स्मिथ
(c) Will Kymlicka/विल किमलिका
(d) Benedict Anderson/बेनेडिक्ट एन्डरसन

**Ans. (b) :** एन्थनी डी स्मिथ ने भारत को ''बहुकेन्द्रिक राष्ट्रवाद'' के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। एंथनी डेविड स्टीफन स्मिथ एवं ब्रिटिश ऐतिहासिक समाजशास्त्री थे।

**17. "Uniting for Peace Resolution" was adopted by the UN during:**
**'शांति के लिए एकता का प्रस्ताव' संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा अपनाया गया था।**
(a) Korean Crisis/कोरिया संकट के समय
(b) Vietnam Crisis/वियतनाम संकट के समय
(c) Suez Crisis/स्वेज संकट के समय
(d) Cuban Crisis/क्यूबा संकट के समय

**Ans. (a) :** 3 नवम्बर, 1950 को महासभा ने ''शान्ति के लिए एकता प्रस्ताव'' पास कर अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा का उत्तर दायित्व स्वयं ले लिया। फलस्वरूप अमेरिकी और चीनी सेनाएँ कोरियाई मामले को लेकर उलझ पड़ी।

**18. Which one is the newest member of the United Nations?**
**संयुक्त राष्ट्र का नवीनतम् सदस्य कौन है?**
(a) Somalia/सोमालिया
(b) South Sudan/दक्षिण सूडान
(c) Congo/कांगो
(d) Kosovo/कोसोवो

**Ans. (b) :** 2006 मोंटेनेग्रो के संयुक्त राष्ट्र में शामिल होने के बाद अब दक्षिणी सूडान संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना है, वह भी सूडान से अलग होने के छ: दिनों के अंदर, 9 जुलाई 2011 को सूडान स्वतंत्र देश बना।

**19. What is ASEAN + 3?**
**आसियान + 3 क्या है?**
(a) India, US, Japan/भारत, अमरीका, जापान
(b) US, Japan, south Korea
अमरीका, जापान, दक्षिण कोरिया
(c) China, Japan, South Korea
चीन, जापान, दक्षिण कोरिया
(d) China, Japan, Australia/चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया

**Ans. (c) :** आसियान +3 प्रस्ताव का उद्देश्य RCEP वार्ता में शामिल अन्य देशों द्वारा दी जा रही है। रियायतों के समान चीन को वरीयता (रियायते देने के संदर्भ में) देने हेतु भारत पर दबाव डालना है। इसके अलावा इस तरह का प्रस्ताव भारत के लिए एक संदेश है, कि यदि भारत RCEP वार्ता में दृढ़ रहता है, तो चीन भारत की अनदेखी कर सकता है। यह 1997 में शुरु किया गया परामर्श समूह आसियान के सदस्य देशों (10), चीन, जापान और दक्षिण कोरिया को एक साथ लाता है।

**20. Which among the following is non-traditional security threats?**
**निम्नलिखित में से कौन गैर-परम्परागत सुरक्षा के खतरे हैं?**
(a) Climate change/जलवायु परिवर्तन
(b) Drug- Trafficking/मादक-द्रव्यों की तस्करी
(c) Sea- Piracy/समुद्री लूटपाट
(d) All the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** भारत परम्परागत रूप से सीमापार आतंकवाद, हथियारो की तस्करी चीन तथा पाकिस्तान की नीतियों आदि के कारण सदैव सुरक्षा चुनौतियों का सामना करता रहा है, लेकिन हाल ही के समय में भारत को उनके गैर-परम्परागत सुरक्षा चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। दिये गये विकल्पों में विकल्प (d) सही उत्तर है।

**21. Ban Ki Moon, the UN Secretary General, belongs to which of the following country?**
**बान की मून सुयंक्त राष्ट्र के महासचिव निम्नलिखित में से किस देश के हैं**
(a) Japan/जापान
(b) South Korea/दक्षिण कोरिया
(c) Thailand/थाईलैण्ड
(d) Mangolia/मंगोलिया

**Ans. (b) :** बान की मून (जन्म 13 जून 1944) संयुक्त राष्ट्र के आठवें महासचिव हैं। महावचिव बनने से पहले वे 'दक्षिण कोरिया' के विदेश मामलों के मंत्रालय में एक कैरियर राजनायिक थे। वे जनवरी 2004 से नवम्बर 2006 तक कोरिया गणराज्य के विदेश मंत्री रहे। 13 अक्टूबर 2006 को वे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आठवें महासचिव चुने गए।

**22. Which among the following has signed NPT?**
**निम्नलिखित में से किसने परमाणु अप्रसार सन्धि पर हस्ताक्षर किया है?**
(a) India/भारत
(b) Pakistan/पाकिस्तान
(c) Iran/ईरान
(d) Israel/इजरायल

**Ans. (c) :** परमाणु अप्रसार संधि एक बहुदेशीय संधि है जिस पर 1968 में हस्ताक्षर हुए और जो 1970 से प्रभावी है, वर्तमान में इसमें 191 सदस्य हैं। वर्ष 2015 में ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका तथा जर्मनी (P5+1) ने ईरान के साथ परमाणु समझौता किया था। इस समझौते में ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रमों पर नियंत्रण तथा उन्हें अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के नियमों के आधार पर संचालित करने की सहमति देने की बात की गई।

**23. Which of the Indian Prime Minister established "Africa Fund"**
**भारत के किस प्रधान मंत्री ने ''अफ्रीका फंड (कोप)'' की स्थापना की?**

(a) Indira Gandhi/इंदिरा गाँधी
(b) Rajiv Gandhi/राजीव गाँधी
(c) Atal Bihari Bajpayi/अटल बिहारी बाजपेयी
(d) Narendra Modi/नरेन्द्र मोदी

**Ans. (b) :** अफ्रीका फंड (कोष) की स्थापना गुटनिरपेक्षता आन्दोलन के दौरान सन् 1986 में भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गाँधी द्वारा किया गया।

**24. Who of the following do not belong to the Realist School international politics.**
**निम्नलिखित में से कौन अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में यथार्थवादी विचार से सम्बन्धित नहीं है?**

(a) Alfred Zimmern/अल्फ्रेड जिमर्न
(b) Kenneth Waltz/केनथ बाल्ज
(c) Henry Kissinger/हेनरी किसिंजर
(d) Hans Morgenthau/हान्स मारगेन्थाऊ

**Ans. (a) :** यर्थार्थवाद या राजनीतिक यथार्थवाद, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के शिक्षण की शुरुआत के बाद से ही अंतर्राष्ट्रीय संबंधों का प्रमुख सिद्धांत रहा है। इसके प्रारम्भ में थूसीडाइड, मैकियावली, हॉब्स, मार्गेन्थाऊ, हेनरी किसिंजर आदि शामिल है। जबकि अल्फ्रेड जिमर्न अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में कल्पनावादी या आदर्शवादी के रूप में जाने जाते हैं।

**25. Which one of the following pairs is not correctly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| | (Name of Book) (पुस्तक का नाम) | - | Author (लेखक) |
|---|---|---|---|
| (a) | New Dimensions of India's foreign Policy न्यू डाइमेंसन्स आफ इंडियाज फारेन पालिसी | - | Atal Bihari Bajpayi अटल बिहारी बाजपेयी |
| (b) | Foreign Policy of India-Reading फारेन पॉलिसी ऑफ इंडिया रीडिंग | | Bimal Prasad बिमल प्रसाद |
| (c) | India's foreign Policy and Relations इंडियाज फॉरेन पॉलिसी एण्ड रिलेसन्स | - | A. Appadorai ए. अप्पादोराई |
| (d) | The making of India's Foreign Policy दी मेकिंग ऑफ इंडियाज फॉरेन पॉलिसी | - | J. Bandopadhyay जे. बन्दोपाध्याय |

**Ans. (b) :** उपर्युक्त दिये गये विकल्पों में विकल्प (b) सही सुमेलित नहीं है।

**26. 'Axis of evil', a phrase deliberately used for with of the following groups of countries?**
**बुराई की धुरी मुहावरे का प्रयोग निम्नलिखत में से किन देशों के समूह के लिए किया जाता है?**

(a) Iran, Iraq, Pakistan/ईरान, ईराक, पाकिस्तान
(b) Iran, Iraq, Afghanistan/ईरान ईराक, अफगानिस्तान
(c) Iran, Iraq, North Korea/ईरान, ईराक, उत्तर कोरिया
(d) Iran, Iraq, Israel/ईरान, ईरान, इजरायल

**Ans. (c) :** उत्तर कोरिया, इराक और ईरान जब विश्व स्थिरता के लिये कथित खतरा माने-जाने लगे। 'बुराई की धुरी' शब्द की उत्पत्ति अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश (जूनियर) द्वारा 29 जनवरी, 2002 को प्रयोग में लाये गये शब्द से हुई।

**27. Who of the following introduced the concept of Biopolitics?**
**जैवराजनीति की अवधारणा को किसने प्रस्तुत किया?**

(a) Foucault/फूको
(b) Fucuyama/फुकुयामा
(c) James Burnham/जेम्स बर्नहम
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** जैव राजनीति की अवधारणा को फूको ने विकसित किया।

**28. The idea of clash of civilizations was first used by**
**'सभ्यताओं का टकराव' का विचार सबसे पहले किसने प्रयोग किया था?**

(a) Samuel P. Huntigton/सैमुअल पी. हंटिंगटन
(b) Von Newmann/वॉन न्यूमैन
(c) Immanual Wallerstein/इमानुअल वालरस्टीन
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** सभ्यताओं का संघर्ष या ''क्लैश ऑफ सिविलाइजेशन्स'' (1996) राजनीति विज्ञानी सैमुएल पी0 हंटिंगटन द्वारा प्रतिपादित एक सिद्धांत है। जिसका सार यह है कि शीत-युद्धोत्तर संसार में लोगो की सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान ही संघर्षों का मुख्य कारण होगी।

**29. The propounder of the principle of relative autonomy of the state is-**
**राज्य की सापेक्ष स्वायत्तता के सिद्धांत के प्रतिपादक हैं-**

(a) Gramsci/ग्रामशी
(b) Ralph Miliband/रॉल्फ मिलिबैंड
(c) Robert Nozic/राबर्ट नॉजिक
(d) John Rawls/जॉन रॉल्स

**Ans. (a) :** राज्य के सापेक्ष स्वायत्तता का प्रतिपादन ग्राम्शी ने किया है। जिसके अनुसार, राज्य, नागरिक समाज व राजनीतिक समाज के माध्यम से आर्थिक प्रणाली (यानी आधार) को भी प्रभावित कर सकता है अर्थात् अधिसंरचना भी आधार पर अपनी छाप छोड़ती है। ग्राम्शी के अतिरिक्त लुई अल्थ्यूजर एवं निकोल्स पोलोजा ने भी राज्य के सापेक्ष स्वायत्ता को स्वीकार किया है।

**30. The distinction between legal and political sovereignty was made by**
**कानूनी तथा राजनीतिक सम्प्रभुता के मध्य भेद किया गया था।**

(a) Bodin/बोंदा द्वारा
(b) Austin/आस्टिन द्वारा
(c) A.V.Dicey/ए.वी. डायसी द्वारा
(d) Laski/लास्की द्वारा

**Ans. (c) :** किसी भौगोलिक क्षेत्र या जन समूह पर सत्ता या प्रभुत्व के सम्पूर्ण नियंत्रण पर अनन्य अधिकार को सम्प्रभुता कहा जाता है। सम्प्रभुता सार्वभौम सर्वोच्च विधि निर्माण एवं नियंत्रक होता है। यानि संप्रभुत्ता राज्य की सर्वोच्च शक्ति है। ब्रिटिश विधि शास्त्री ए0वी0 डायसी ने कानूनी तथा राजनीतिक सम्प्रभुता के मध्य भेद किया है। विधिक संप्रभु नियतपूर्ण व्यापक होता है, उसके पास अपने कानून और आदेश को कार्यान्वित करने की शक्तियाँ होती हैं, जबकि राजनीतिक सम्प्रभुता मतदाता में निहित होती है।

**31. Which of the following subjects is not included in Plato's education of philosopher?**
**प्लेटो की दार्शनिक शिक्षा में निम्नलिखित में से कौन सा विषम सम्मिलिन है?**
(a) Arithometic/अंकगणित
(b) Algebra/बीजगणित
(c) Astronomy/खगोलशास्त्र
(d) Harmonics/संवादशास्त्र

**Ans. (b) :** प्लेटो ने अपने आदर्श राज्य में न्याय की प्राप्ति के दो साधन बताए हैं– शिक्षा और साम्यवाद। प्लेटो ने अपनी दार्शनिक शिक्षा में अंकगणित, रेखागणित, खगोल विद्या और संवादशास्त्र को सम्मिलित किया है।

**32. "I beglong to that class which takes that stand on democracy which seeks to destroy the monopoly in every shape and form." On which occasion Ambedkar made this statement?**
**''मैं उस वर्ग से आता हूँ जो प्रजातंत्र पर सभी प्रकार एवं आकार के एकाधिकार वाद को समाप्त करने का पक्षधर है।'' अम्बेडकर ने निम्न में से किस अवसर पर यह वक्तव्य दिया?**
(a) Round Table Conference/गोलमेज सम्मेलन
(b) Mahad Conference/महार सम्मेलन
(c) After Resignation from Nehru Cabinet
नेहरु मंत्रिमंडल से त्यागपत्र के बाद
(d) Conversion to Buddhism
बुद्धधर्म में परिवर्तित होने पर

**Ans. (a) :** अम्बेडकर व्यक्तिगत स्वतंत्रता और साामाजिक जीवन के आर्थिक पहलू के आकार और संरचना के बीच अंतरंग सम्बन्ध के प्रति सचेत थे। इसलिए एक व्यक्ति के सिद्धांत, एक व्यक्ति के मूल्य को वास्तविक और कॉपरेटिव बनाने के लिए वह चाहते थे कि राजनीतिक लोकतंत्र आर्थिक लोकतंत्र द्वारा प्रबलित हो। ऐसे समय में जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने कार्यवाई का एक निश्चित कार्यक्रम तैयार करने के बारे में सोचा भी नहीं था, वह अम्बेडकर थे जिन्होंने बलपूर्वक एक व्यक्ति, एक मूल्य सिद्धांत को आगे रखा।
**19 जनवरी, 1931** को **गोलमेज सम्मेलन** को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा ''मैं उस वर्ग से आता हूँ जो प्रजातंत्र पर सभी प्रकार एवं आकार के एकाधिकार वाद को समाप्त करने का पक्षधर है।''

**33. Which of the following book was not written by M.N. Roy?**
**निम्नलिखित में से कौन पुस्तक एम.एन. राय द्वारा नहीं लिखी गयी थी।**
(a) India in Transition/इंडिया इन ट्रांजिसन
(b) India Today/इंडिया टूडे
(c) India's Problems and its solution
इंडियाज प्राबलम्स एण्ड इट्स सोल्यूसन्स
(d) One year of Non-cooperation
वन ईयर ऑफ ननकोआपरेशन

**Ans. (b) :** मानवेन्द्र नाथ का जन्म 22 मार्च, 1887 को बंगाल के चौबीस परगना जिले में हुआ था। India Today पुस्तक के लेखक R. Palme Dutt हैं। जबकि अन्य पुस्तकें एम.एन. राय की हैं। "India in Transition" (1922), "The problem of freedom" (1945), "Scientific politics" (1940), "One year of Non-Co-operation from Ahmedabad to Gaya" (1923).

**34. How many chapters are there in Gandhi's Hind Swaraj?**
**गाँधी के हिन्द स्वराज में कितने अध्याय है?**
(a) 12 (b) 15
(c) 18 (d) 20

**Ans. (d) :** गाँधी जी ने ''हिन्द स्वराज'' (1909) में आधुनिक सभ्यता की कड़ी आलोचना की। गाँधी के हिन्द स्वराज में कुल 20 अध्याय है। उन्होंने रेल, वकीलों तथा डॉक्टरों की भी आलोचना की। गाँधी जी के अनुसार सभ्यता का आशय, भौतिकता एवं मशीनों का विकास नहीं है, सभ्यता मानवीय एवं आत्मा का विकास है।

**35. "Divine punishment also falls on those who treat kings with disrespect." Who says this?**
**''जो राजाओं का अनादर करते हैं उन पर दैवीय सजा होती है।'' यह कथन किसका है?**
(a) Aristotle/अरस्तू
(b) Machiavelli/मैकियावेली
(c) Hegel/हीगल
(d) Kautily/कौटिल्य

**Ans. (d) :** कौटिल्य के अनुसार राज्य की उत्पत्ति मत्स्य न्याय की अवस्था को समाप्त करने के लिए हुई। कौटिल्य ने राज्य की उत्पत्ति का आधार समझौते को माना है। कौटिल्य का मत है कि ''जो राजाओं का अनादर करते हैं उन पर दैवीय सजा होती है। ''

**36. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below:**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें और नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करेत हुए उत्तर दीजिए:**

| List-I (Book) | | List-II (Author) | |
|---|---|---|---|
| A | Liberalism and the Limits of Justice<br>ऑ जस्टिस | 1 | Charles Taylor<br>चार्ल्स टेलर |
| B | Sources of the Self<br>सोर्सेस ऑफ द सेल्फ | 2 | Michael Walzer<br>माइकल वाल्जर |
| C | Spheres of Justice<br>स्फीर्यस ऑफ जस्टिस | 3 | Alsdair MacIntyre<br>एलीस्डेयर मैकन्टायर |
| D | After Virtue<br>आफ्टर वर्चू | 4 | Michael Sandel<br>माइकल सैण्डल |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**Ans. (b) :** सुमेलित सूची इस प्रकार है–

| **पुस्तक** | **लेखक** |
|---|---|
| लिबरलिज्म एण्ड द लिमिट्स ऑफ जस्टिस | माइकल सैण्डल |
| सोर्सेस ऑफ द सेल्फ | चार्ल्स टेलर |
| स्फीयर्स ऑफ जस्टिस | माइकल वाल्जर |
| आफ्टर वर्चू | एलीस्डेयर मैकेन्टायर |

**37. Which of the following is not included in the classification of Governments made by Rousseau?**
**रूसो द्वारा किये गये सरकारों के वर्गीकरण में निम्नलिखित में से क्या सम्मिलित नहीं है?**

(a) Democracy/जनतंत्र
(b) Aristocracy/अभिजाततंत्र
(c) Oligarchy/धनिकतंत्र
(d) Monarchy/राजतंत्र

**Ans. (c) :** रूसो का जन्म स्विट्जरलैण्ड के जेनेवा शहर में 1712 ई0 में हुआ था। राजनीति विज्ञान में रूसो ने पहली बार समानता की संकल्पना को Discourse on Inequality (1754) इस पुस्तक में स्थान दिया। रुसो द्वारा किये गये सरकारों के वर्गीकरण में धनिक तंत्र शामिल नहीं है। रुसो प्रत्यक्ष लोकतंत्र के जन्मदाता माने जाते हैं उन्होंने प्रतिनिधि लोकतंत्र का खंडन किया। व्यावहारिक समस्या को देखते हुए रुसो ने यह भी कहा कि 'लोकतंत्र एक ऐसी शासन प्रणाली है, जो केवल ईश्वर के राज्य के लिये उपयुक्त है।'

**38. "From each according to his abilities, to each according to his needs. This statements appears in which book of Karl Marx?"**
**''प्रत्येक व्यक्ति से उसकी क्षमताओं के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को उसकी आवश्यकताओं के अनुसार।'' यह कथन कार्ल मार्क्स के किस पुस्तक में हैं?**

(a) The Poverty of Philosophy
द पावर्टी ऑफ फिलासफी
(b) The communist Manifesto
द कम्यूनिस्ट मैनीफेस्टो
(c) Das Capital/दास कैपिटल
(d) Critique of the Gotha Programme
क्रिटीक ऑफ द गोथा प्रोग्रेम

**Ans. (d) :** कार्ल मार्क्स जर्मन के महान दार्शनिक अर्थशास्त्री और वैज्ञानिक समाजवाद के प्रणेता हैं इनका जन्म 5 मई 1818 को हुआ था। 1867 में मार्क्स का प्रथम विश्व प्रसिद्ध ग्रंथ 'दास कैपिटल' प्रकासित हुआ। ''द पॉवर्टी ऑफ फिलॉसफी'' भी उनकी प्रसिद्ध पुस्तक है। कार्ल मार्क्स ने अपनी पुस्तक ''क्रिटीक ऑफ द गोथा प्रोग्राम'' में विचार व्यक्ति किया है ''प्रत्येक व्यक्ति को उसकी क्षमताओं के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति को उसकी आवश्यकताओं के अनुसार'' मिलना चाहिए।

**39. In which one of the books Hegel writes: "The rational is the real and the real is the rational"?**
**अपने किस पुस्तक में हीगल लिखता है: ''बौद्धिक ही वास्तविक है और वास्तविक ही बौद्धिक है।''?**

(a) Philosophy of Right/फिलासफी ऑफ राइट
(b) Phenominology of the Spirit
फिनॉमिनॉलॉजि ऑफ द स्पिरिट
(c) The Science of Logic/दी साइन्स ऑफ लाजिक
(d) Encyclopaedia of the Philosophical Sciences
इनसाइक्लोपिडिया ऑफ द फिलासफिकल साइंसेस

**Ans. (a) :**हीगल ने अपनी पुस्तक ''फिलासफी ऑफ राइट'' (1881) में लिखा कि ''बौद्धिक ही वास्तविक है और वास्तविक ही बौद्धिक है।''

**40. "And I am the Peter who denied his Master."- Whose statement is this?**
**''और मैं पीटर हूँ जिसने अपने स्वामी की अवहेलना की।'' यह कथन किसका है?**

(a) Aristotle/अरस्तू
(b) J.S. Mill/जॉन स्टुअर्ट मिल
(c) Lenin/लेनिन
(d) Machiavelli/मैकियावेली

**Ans. (b) :** यह कथन ''और मै पीटर हूँ जिसने अपने स्वामी की अवहेलना की'' जॉन स्टुअर्ट मिल का है। उपयोगितावाद के अन्तिम प्रबल समर्थक जॉन स्टुअर्ट मिल का जन्म 20 मई सन् 1860 ई0 को लन्दन में हुआ।

**41. "Wars and storms are best to beiread of, but peace and calms are better to endure." Who wrote this?**
**युद्ध और तूफान पढने के लिए सर्वोत्तम होते हैं परंतु सहन करने के प्रति शांति और स्थिरता ही श्रेष्ठतर हैं। यह किसने लिखा?**

(a) Edmund Burk/एडमंड बर्क
(b) Bentham/बेंथम
(c) Mahatma Gandhi/महात्मागाँधी
(d) Gramsci/ग्राम्सी

**Ans. (b) :** युद्ध और तूफान पढ़ने के लिये सर्वोत्तम होते हैं परन्तु सहन करने के प्रति शांति और स्थिरता ही श्रेष्ठतर है''। यह कथन बेंथम का है।

**42. "State is the march of God on earth"- Who said this?**
**''राज्य पृथ्वी पर ईश्वर की यात्रा है।'' यह किसने कहा था?**

(a) Edmund Burk/एडमंड बर्क
(b) Hegel/हीगल
(c) Kant/कॉन्ट
(d) Bentham/बेंथम

**Ans. (b) :** हीगल का जन्म 1770 ई0 में जर्मनी के स्टुटगार्ट नाम नगर में हुआ था। वे जर्मनी की आदर्शवादी परम्परा से प्रभावित थे। राज्य की प्रकृति को आंगिक माना है। उसका प्रसिद्ध कथन है कि ''राज्य पृथ्वी पर ईश्वर का अवतार है। उसके विचार में राज्य एक माध्य है।''

**43. Match List-I with List-II and select the correct from the codes given below:**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें और नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए उत्तर दीजिए:**

| List-I (Book) | | List-II (Author) | |
|---|---|---|---|
| A | De Homine<br>दी होमिने | 1 | Machiavelli<br>मैकियावेली |
| B | Emile<br>इमाइल | 2 | Hobbes<br>हॉब्स |
| C | The Art of War<br>दी आर्ट ऑफ वार | 3 | Locke<br>लॉक |
| D | some Thoughts concerning Education<br>सम थॉट्स कनसरनिंग एजुकेशन | 4 | Rousseau<br>रूसो |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**Ans. (d) :** सूची का सही सुमेलन इस प्रकार है–

| **पुस्तक** | **लेखक** |
|---|---|
| दी होमिने | हाब्स |
| इमाइल | रूसो |
| दी आर्ट ऑफ वार | मैकियावली |
| सम थॉट्स कनसरनिंग एजुकेशन | लॉक |

**44. Which of the following schools had laid the foundation of Behaviouralim?**
**निम्न में से किस स्कूल द्वारा व्यवहारवाद की आधारशिला रखी गई?**
(a) Wales School/वेल्स स्कूल
(b) Oxford School/ऑक्सफोर्ड स्कूल
(c) Chicago School/शिकागो स्कूल
(d) Harward School/हार्वड स्कूल

**Ans. (c) :** व्यवहारवादी आन्दोलन राजनीति विज्ञान की विषय वस्तु को वैज्ञानिक अध्ययन प्रविधि द्वारा समझने का प्रयास है। व्यवहार वाद का आशय 'मानव के प्रेक्षण योग्य व्यवहार का अध्ययन करना है।' व्यवहार वाद की आधारशिला रखने का मूल श्रेय ''शिकागो स्कूल'' को दिया जाता है। व्यवहारवाद को बौद्धिक रूप में स्थापित करने का श्रेय ''चार्ल्स मेरियम''– New Aspects of Politics (1925) व ''हैरॉल्ड लॉसवेल''– Politics: Who, Gets, What, When, how (1936) को दिया जाता है।

**45. Which of the following is not a model of Representation?**
**निम्न में से कौन सा प्रतिनिधित्व का मॉडल नहीं है?**
(a) Primitive Model/आदिम मॉडल
(b) Delegated Model/प्रदत्त मॉडल
(c) Mandate Model/जनादेश मॉडल
(d) Resemblance Model/प्रतिरूप मॉडल

**Ans. (a) :** ब्रिटेन में बहुल मतदान वर्ष 1949 में समाप्त किया गया। स्विट्जरलैण्ड में महिलाओं को वर्ष 1971 में मताधिकार प्रदार किया गया। प्रतिनिधित्व के निम्नलिखित मॉडल है: (1) ट्रस्टीशिप मॉडल (2) प्रदत्त मॉडल (3) जनादेश मॉडल (4) प्रतिरूप मॉडल।

**46. By which of the following points Huntington did not express the concept of Political development?**
**हंटिंग्टन ने राजनीतिक विकास को निम्न में से किस बिन्दु के माध्यम से प्रकट नहीं किया था।**
(a) Adaptation/अनुकूलन
(b) Flexibility/लोचशीलता
(c) Autonomy /स्वायत्तता
(d) Coherence/संसक्तता

**Ans. (b) :** हटिंग्टन के अनुसार ''राजनीतिक विकास का अर्थ, राजनीतिक संगठनों व क्रिया विधियों का संस्थाकरण है।'' हंटिंग्टन ने एकल रेखीय विकास प्रक्रिया की चुनौती दी। हंटिंग्टन ने राजनीतिक विकास को निम्न बिन्दुओं में व्यक्त किया– (i)– अनुकूलन (ii) जटिलता (iii) स्वायत्तता (iv) संसक्तता। अर्थात् स्पष्ट है कि विकल्प (b) लोचशीलता को शामिल नहीं किया गया।

**47. According to Lucian Pye, which of the following is not a feature of Political Development?**
**लुसियन पॉई के अनुसार निम्न में से कौन सी राजनीतिक विकास की विशेषता नहीं है?**
(a) Equality /समानता
(b) Capacity/क्षमता
(c) Justice/न्याय
(d) Differentiation/विभेदीकरण

**Ans. (c) :** राजनीतिक विकास का आशय निम्नलिखित हैं: (i) गैर-लोकतांत्रिक समाज से लोकतांत्रिक समाज का विकास। (ii) अविभेदीकृत समाज से विभेदीकृत समाज का विकास। लुसियन पाई के अनुसार राजनीतिक विकास की तीन विशेषताएं हैं– (i) समानता (ii) क्षमता (iii) विभेदीकरण

**48. Which of the following is not a feature of liberal democracy?**
**निम्न में से कौन सा उदार लोकतंत्र का लक्षण नहीं है?**
(a) Rule of law /विधि का शासन
(b) Provision of Fundamental rights
मौलिक अधिकारों का प्रावधान
(c) Division of Political powers
राजनीतिक शक्तियों का विभाजन
(d) Committee Bureaucracy/प्रतिबद्ध नौकरशाही

**Ans. (d) :** एक उदार लोकतांत्रिक शासन एक प्रकार की लोकतांत्रिक सरकार है जिसमें लोकतांत्रिक तारीकों, रूपों और राज्य शक्ति का उपयोग करने के तरीके अपेक्षाकृत अपूर्ण, सीमित और असंगत हैं। उदार लोकतांत्रिक शासन लोकतंत्र के विचारों और व्यवहार शक्तियों के पृथक्करण की प्रणाली व्यक्तिगत अधिकारों और स्वतंत्रता की सुरक्षा पर आधारित है। जिसमें न्यायपालिका एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**49. Which is not a primary function of Political system?**
**राजनीतिक व्यवस्था का कौन सा प्राथमिक कार्य नहीं है?**

(a) Interest Articulation/हित अभिव्यक्तिकरण
(b) Interest Aggregation/हित संचयीकरण
(c) Interest Promotion/हित वृद्धि
(d) Political communication/राजनीतिक संचार

**Ans. (c) :** राजनीतिक व्यवस्था के मुख्य व प्राथमिक कार्य निम्नलिखित है: (i) राजनीतिक समाजीकरण का कार्य राजनीतिक संस्कृति तथा राजनीतिक भर्ती द्वारा किया जाता है।
(ii) हित अभिव्यक्तिकरण (iii) हितों का एकीकरण (संचयीकरण) तथा (iv) राजनीतिक संचार।

**50. The concept of Political Decay' is associated with the name of**
**'राजनीतिक ह्रास' की अवधारणा इस नाम के साथ सम्बद्ध है–**
(a) David Easton/डेविड ईस्टन
(b) David Apter/डेविड एप्टर
(c) Samuel P. Huntington/सेमुअल पी. हंटिंगटन
(d) G. Almond/जी. आमण्ड

**Ans. (c) :** हंटिंगटन के राजनीतिक क्षरण या ह्रास की संकल्पना के अनुसार ''राजनीतिक विकास के साथ, राजनीतिक क्षरण भी होता है।'' राजनीतिक क्षरण का मूल कारण राजनीतिक संगठनों व क्रिया विधियों का संस्थाकरण न होना है। उनके अनुसार राजनीतिक क्षरण का अभिप्राय, सामाजिक आकांक्षाओं व उनकी पूर्ति के मध्य उत्पन्न खाई है।

**51. Which one of the following is an obstacle in the making of a healthy public opinion**
**स्वस्थ लोकमत के निर्माण में कौन सी एक बाधा है?**
(a) Independent media/स्वतंत्र मीडिया
(b) Democratic/लोकतांत्रिक सरकार
(c) Government/नागरिक उदासीनता
(d) Public apathy/राजनीतिक दल

**Ans. (c) :** स्वस्थ जनमत के निर्माण में निम्नलिखित बाधाएँ आती हैं (1) निरक्षरता (2) गरीबी और पिछड़ापन (3) नियंत्रित और उन-मुक्त प्रेस (3) सरकार का अधिनायक वादी रवैया (4) अधिकारी और कर्तव्यों की असत्यता (5) नागरिक उदासीनता (6) सामाजिक और आर्थिक असमानता (7) दोषपूर्ण शैक्षिक प्रणाली (8) रूढ़िवाद आदि।

**52. Which one of the following is not a function of pressure Groups?**
**निम्नलिखित में से कौन सा एक दबाव समूहों का कार्य नहीं है।**
(a) Contesting elections for the promotion of their own interests.
अपने हितों की संवृद्धि के लिए चुनाव लड़ना।
(b) Helping candidates favourable to them in order to get them elected. /अपने अनुकूल अभ्यर्थियों को निर्वाचित करने में सहायता प्रदान करना।
(c) Patronizing legislators in order to secure their help for the furtherance of the cause.
अपने उद्देश्य की संसिद्धि के प्रयोजन से विधायकों की सहायता लेने के लिए उन्हें संरक्षण प्रदान करना।
(d) Trying to influence public opinion and to realize its support/जनमत को प्रभावित करने तथा उसका समर्थन प्राप्त करने का प्रयास करना।

**Ans. (a) :** दबाव समूह शब्द का प्रयोग उन हित समूहों के लिये किया जाता है। जिनके प्रभाव डालने के तरीके सामान्य माध्यमों की अपेक्षा अधिक दबाव पूर्ण होते हैं। दबाव समूहों की कार्यपद्धति में अपने हितों का प्रचार प्रसार संबद्ध लोगों के साथ वार्ताएँ, लाबिंग, न्यायिक कार्यवाहियाँ, प्रदर्शन हड़तालें, याचना, बंद, धरना, पद का प्रस्ताव करना, सरकार व अधिकारियों के साथ बैठकों- गोष्ठियों आदि का उल्लेख किया जा सकता है। जबकि चुनाव लड़ना दबाव-समूहों के कार्य नहीं है।

**53. Who describes the pressure groups as the Anonymous Empire'**
**दबाव समूह को कौन एक 'अज्ञात साम्राज्य' के रूप में परिभाषित करता है?**
(a) Myron Weiner/माइरन वीनर
(b) Peter Odegard/पीटर ओडीगार्ड
(c) S.E. Finer/एस.ई. फाइनर
(d) Hermon Zeigler/हरमन जीगलर

**Ans. (c) :** एस0ई0 फाइनर ने दबाव समूहों को ''अज्ञात साम्राज्य'' की संज्ञा दी है। दबाव समूह राजनीतिक विषमता में वृद्धि करते हैं, क्योंकि दबाव समूहों की पहुँच वित्तीय, शैक्षिक और संपत्तिशाली व्यक्तियों तक आसानी से होती है।

**54. Which one of the following is not included in the Duverger's classification political parties based on organizational analysis**
**डुवर्जर के राजनीतिक दलों की संगठनात्मक संरचना के विश्लेषण क्रम में कौन सा शामिल नहीं है**
(a) Caucus/गुट बैठक
(b) Cell Party/कोशिका दल
(c) Militia/नागरिक सेना
(d) Oligarchy/कुलीनतंत्र

**Ans. (d) :** मोरिस डुवर्जर का राजनीतिक दलों का वर्गीकरण, डुवर्जर ने यूरोपीय दलीय प्रणाली के अध्ययन के आधार पर किया है। डुवर्जर ने दलों का विभाजन संरचनात्मक रूप में इस प्रकार किया है– (i) कॉकस दल (ii) शाखा दल (iii) प्रकोष्ठ दल (iv) नागरिक दल। कुलीनतंत्र इसमें शामिल नहीं है।

**55. The parties are bets defence against the growth of dictatorship in the country'– the Statement belongs to-**
**लार्ड राजनीतिक दल देश में अधिनायक से हमारी रक्षा करने का सर्वश्रेष्ठ कवच है। यह कथन है-**
(a) Lord Bryce/लार्ड ब्राइस का
(b) Harold Laski/हेरॉल्ड लास्की का
(c) Gilchrist/गिलक्राइस्ट का
(d) Leacock/लीकॉक का

**Ans. (b) :** यह कथन लास्की का है कि ''राजनीतिक दल देश में अधिनायक से हमारी रक्षा करने का सर्वश्रेष्ठ कवच है।''

**56. Who is not associated with the theory of political communication?**
**कौन राजनीतिक संचार सिद्धांत से संबंधित नहीं है?**

(a) Karl Deutsch/कार्ल ड्यूश
(b) Jean Blondel/जीन ब्लोण्डेल
(c) Richard Snyder/रिचर्ड स्नाइडर
(d) Benjamin Schwartz/बेन्जामिन श्र्वाट्ज

**Ans. (c) :** कार्ल डयूश के अनुसार– ''राजनीतिक संचार सूचनाओं और जानकारी का राजनीतिक व्यवस्था के आर-पार सम्प्रेषण है।'' इस तरह राजनीतिक संचार राजनीतिक व्यवस्था में मांगों व निर्णयों का एक भाग से दूसरे भाग में गत्यात्मक संचालन है। राजनीतिक संचार से सम्बन्धित है– जीन ब्लौण्डेल, ल्यूशियन पाई, मिलेट आदि। रिचर्ड स्नाइडर अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में निर्णय-निर्माण से सम्बन्धित हैं।

**57. Who said, "Politics is authorative allocation of values"?**
**किसने कहा, ''राजनीति मूल्यों का अधिकारिक आबंटन है।''**
(a) Stephen L. Wasby/स्टीफल एल. वास्बी
(b) John Madge/जॉन मेज
(c) David Easton Easton/डेविड ईस्टन
(d) Almond/आमण्ड

**Ans. (c) :** डेबिड ईस्टन ने राजनीतिक व्यवस्था का विश्लेषण करते हुए इसे ''मूल्यों का आधिकारिक आवंटन'' के रूप में व्यक्त किया। डेबिड ईस्टन ने वर्ष 1953 में प्रकाशित ''The Political system An Inquiry into the state of political sicence'' में राजनीतिक विज्ञान मे एक समान व्यवस्था सिद्धांत निर्माण का विचार प्रस्तुत किया।

**58. Which one of the following pairs is not properly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नही है?**
(a) Mosca– The Ruling Class
मोस्का– दी रूलिंग क्लास
(b) Mills– The Power Elite
मिल्स– दी पॉवर इलीट
(c) Bottomore– Elite and Society
बोटोमोर– इलीट एण्ड सोसाइटी
(d) Schumpeter– The iron Law of oligarchy
शुम्पीटर – दी आइरन लॉ ऑफ ओलीगार्की

**Ans. (d) :** विकल्प (d) सुमेलित नहीं हैं। पुस्तक दी आइरन लॉ ऑफ ओलीगार्की के लेखक राबर्ट मिचेल्स है यह पुस्तक 1911 ई. में लिखी गई।

**59. Which of the following is not related to Union-State relations in India?**
**निम्नलिखित में से कौन भारत में संघ-राज्य संबंधों से नहीं जुड़ा है?**
(a) Rajamannar Committee/राजमन्नार समिति
(b) West Bengal Government Memorandum
पश्चिम बंगाल सरकार का मेमोरेंडम
(c) Punchhi Commission/पुंछी आयोग
(d) Tarkunde Committee/तारकुण्डे समिति

**Ans. (d) :** तारकुंडे समिति (1974-1975) का गठन स्वतंत्र संस्था ''सिटिजंस ऑफ डेमोक्रेसी'' की ओर से जयप्रकाश नारायण ने चुनावी सुधार के लिये किया था जबकि अन्य समितियाँ केन्द्र राज्य सम्बन्धों सम्बन्धित है।

**60. Which state has an Ombudsman for Government of India?**
**भारत के किस राज्य में स्थानीय शासन के लिए औम्बुड्समेन है?**
(a) Karnataka/कर्नाटक (b) Kerala/केरल
(c) Tamil Nadu/तमिलनाडु (d) Rajasthan/राजस्थान

**Ans. (b) :** भारत में स्थानीय शासन के लिये औम्बुड्समैन कि व्यवस्था केरल राज्य में है।

**61. Who of the following was not a member of Cabinet Mission in India?**
**निम्नलिखित में से कौन एक भारत में कैबिनेट मिशन का सदस्य नहीं था?**
(a) Stafford Cripps/स्टाफोर्ड क्रिप्स
(b) Pathick Lawrence/पेथिक लारेंस
(c) A.V. Alexander/ए.वी. अलेक्जेन्डर
(d) Sir John Simon/सर जॉन साइमन

**Ans. (d) :** वर्ष 1946 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एटली ने भारत में एक तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय शिष्टमण्डल भेजने की घोषणा की। इस शिष्टमण्डल में ब्रिटिश कैबिनेट के तीन सदस्य लार्ड पैथिक लारेंस (भारत सचिव), सर स्टेफर्ड क्रिप्स (व्यापार बोर्ड के अध्यक्ष) तथा ए0वी0 अलेक्जेंडर (नौसेना मंत्री) थे।

**62. Which one of the following was not a member of Nehru Committee?**
**निम्नलिखित में से कौन एक नेहरू समिति के सदस्य नहीं थे?**
(a) Motilal Nehru/मोतीलाल नेहरू
(b) Jawaharlal Nehru/जवाहरलाल नेहरू
(c) Subhas Chandra Bose/सुभाष चन्द्र बोस
(d) Sir Ali Imam/सर अली ईमाम

**Ans. (b) :** मोती लाल नेहरू की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया, जिसका कार्य था संविधान का प्रारूप तैयार करना। जवाहरलाल नेहरू इस समिति के सदस्य नहीं थे।

**63. The Khilafat movement in India was related to which of the following Muslim country?**
**भारत में खिलाफत आन्दोलन निम्नलिखित में से किस मुस्लिम देश से जुड़ा/सम्बन्धित था।**
(a) Iraq/इराक (b) Egypt/मिस्त्र
(c) Turkey/तुर्की (d) Iran/ईरान

**Ans. (c) :** खिलाफत आन्दोलन (मार्च 1919 जनवरी 1921) मार्च 1919 में बंबई में एक खिलाफत समिति का गठन किया गया था। मोहम्मद अली और शौकत अली तथा महात्मा गाँधी एवं अबुल कलाम आजाद ने नेतृत्व किया। यह ब्रिटेन की तुर्की विरोधी नीतियों के विरूद्ध था तथा विद्रोह का कारण ब्रिटेन द्वारा तुर्की के खलीफा के पद को समाप्त कर देना है।

**64. Hunter Committee Report was related to:**
**हंटर कमेटी रिपोर्ट संम्बन्धित था:**
(a) 1857 uprising/1857 के विद्रोह से
(b) 1896-97 Famine/1896-97 के अकाल से
(c) Jallianwalal Bagh Tragedy
जालियाँवाला बाग के दु:ख से
(d) Partition of Bengal/बंगाल के विभाजन से

**Ans. (c) :** हंटर समिति की स्थापना ब्रिटिश सरकार द्वारा 14 अक्टूबर, 1919 ई. को की गई थी। लार्ड हंटर को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। देश में जलियावाला बाग के हत्याकांड को लेकर जो उग्र प्रदर्शन हुए उससे विवश होकर अंग्रेज सरकार ने घटना की जाँच के लिए इस समिति की स्थापना किया।

**65. Which of the pairs is not evenly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

| | Author | Book |
|---|---|---|
| (a) | Paul R. Brass<br>पॉल आर. ब्रास | Factional Politics in an Indian State<br>फैक्सनल पालिटिक्स इन एन इंडियन स्टेट |
| (b) | Selig Harrison<br>सेलिंग हैरिसन | India the Most Dangerous Decades<br>इंडिया दी मोस्ट डेन्जरस डिकेड्स |
| (c) | Atul Kohli<br>अतुल कोहली | The Idea of India<br>दी आइडिया ऑफ इंडिया |
| (d) | Ronald Dworken<br>रोनाल्ड ड्वोर्किन | Taking Rights Seriously<br>टेकिंग राइट्स सीरियसली |

**Ans. (c) :** सूची का सही सुमेलन इस प्रकार है–

| लेखक | पुस्तक |
|---|---|
| पॉल आर. ब्रास | फैक्सनल पालिटिक्स इन एन इंडियन स्टेट |
| सेलिंग हैरिसन | इंडिया दी मोस्ट डेन्जरस डिकेड्स |
| सुनील खिलनानी | दी आइडिया ऑफ इंडिया |
| रोनाल्ड ड्वोर्किन | टेकिंग राइट्स सीरियसली |

**नोट–** पुस्तक ''दी आइडिया ऑफ इंडिया'' के लेखक सुनील खिलनानी है। अर्थात् विकल्प (c) सही सुमेलित नहीं है।

**66. The area of Constituency for the purpose of general election is determined by**
**भारत में सामान्य निर्वाचन हेतु एक निर्वाचन क्षेत्र का निर्धारण किया जाता है-**

(a) Delimitation Commission/परिसीमन आयोग द्वारा
(b) Election Commission of India
भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा
(c) President /राष्ट्रपति द्वारा
(d) Census Commission/जनगणना आयोग द्वारा

**Ans. (a) :** चुनाव आयोग का सर्वप्रथम कार्य चुनाव क्षेत्रों का सीमांकन होता है। परिसीमन आयोग अधिनियम, 1952 में यह प्रावधान है कि दस वर्ष बाद होने वाली प्रत्येक जनगणना के उपरांत निर्वाचन क्षेत्रों का सीमांकन किया जाना चाहिए। मुख्य चुनाव आयुक्त, इस परिसीमन आयोग का पदेन सदस्य होता है, और इसके अतिरिक्त इनमें दो सदस्य सर्वोच्च न्यायालय अथवा उच्च न्यायालयों के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश होते हैं। पहला, परिसीमन आयोग, 1995 में, दूसरा 1961 में तथा तीसरा 1971 में बना।

**67. In India, the Collegium system, is associated with:**
**भारत में कोलेजिम प्रणाली जुड़ी है।**

(a) Executive/कार्यपालिका से
(b) Legistlative/विधायिका से
(c) Judiciary/न्यायपालिका से
(d) Union-State Relations/संघ-राज्य सम्बन्धों से

**Ans. (c) :** कोलिजियम प्रणाली की उत्पत्ति उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णयों के आधार पर हुई, जिसे 'थ्री जजेज केसेज' भी कहा जाता है। 6 अक्टूबर, 1993 को उच्चतम न्यायालय के नौ जजों की एक खण्ड पीठ ने एक निर्णय दिया, जिससे कोलिजियम प्रणाली की उत्पत्ति हुई।

**68. Who presided over the All party conference (1928)?**
**आल पार्टी कन्फरेंस (1928) की अध्यक्षता किसने की?**

(a) Motilal Nehru/मोतीलाल नेहरू
(b) Dr. M.a. Ansari/डॉ. एम.ए.अंसारी
(c) Madan Mohan Malviya/मदन मोहन मालवीय
(d) C.R. Das/सी.आर. दास

**Ans. (b) :** ऑल पार्टी कान्फरेंस (1928) की अध्यक्षता डॉ. एम.ए. अंसारी द्वारा किया गया। जो 1 जुलाई, 1928 के पहले भारत के लिए संविधान का एक प्रारूप तैयार कर सके।

**69. The number of fundamental Duties mentioned in Part IV A of the Indian Constitution is.**
**भारत के संविधान के भाग IV A में उल्लिखित मौलिक कर्त्तव्यों की संख्या है–**

(a) 9 (b) 10
(c) 11 (d) 12

**Ans. (c) :** भारत में 42वें संविधान संशाधन द्वारा 'स्वर्ण सिंह समिति' की सिफारिस पर 10 मूल कर्त्तव्यों को संविधान के भाग-4(A) और अनु0 51(A) में सम्मिलित किया गया। जबकि 86वें संविधान संशोधन (2002) द्वारा एक नया मूल कर्त्तव्य 11वाँ जोड़ा गया। जिसमें माता-पिता या संरक्षक अपने 6 वर्ष तक की आयु वाले बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करेंगे।

**70. In whose description 'Maulana Azad, Jawaharlal Nehru, Vallabhabhai Patel and Rajendra Prasad formed "An Oligarchy within the (Constituent) Assembly"?**
**किसके वर्णन में यह कहा गया कि मौलाना आजाद, जवाहरलाल नेहरू, वल्लभभाई पेटल और राजेन्द्र प्रसाद ''(संविधान) सभा के अन्दर एक कुलीन तंत्र का निर्माण करते थे?''**

(a) Morris Jones/मोरिस जोन्स
(b) V.P. Menon/वी.पी. मेनन
(c) Richard Sisson/रिचर्ड सिसन
(d) Granville Austin/ग्रानविल ऑस्टिन

**Ans. (d) :** ग्रानविल ऑस्टिन का मत है कि मौलाना आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार बल्लभभाई पटेल और राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के अन्दर एक कुलीन तंत्र का निर्माण करते थे।

# उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग परीक्षा 2014

# राजनीति विज्ञान

**व्याख्यात्मक हल प्रश्न पत्र** **परीक्षा तिथि : 22.03.2015**

**1. भारत के किस प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों के लिये सर्वाधिक सीटें आरक्षित हैं?**

(a) राजस्थान (b) उड़ीसा
(c) बिहार (d) मध्य प्रदेश

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–भारत के मध्य प्रदेश (6) व उड़ीसा राज्य में (5) अनुसूचित जनजातियों के लिए सर्वाधिक सीटें (6) आरक्षित है। ध्यातव्य है कि मध्य प्रदेश में एक अच्छी खासी जनसंख्या जनजातीय है। इस प्रदेश की जनसंख्या का लगभग 20.27% जनजातीय लोगों की है। लोकसभा में अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों वाले प्रमुख राज्य हैं–

| राज्य | सीट (स्थान) |
|---|---|
| झारखण्ड | 5 |
| मध्य प्रदेश (6), ओडिशा (5) | |
| गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र | 4 (प्रत्येक में) |
| राजस्थान | 3 |

**2. निम्नलिखित में से किस देश का संविधान अलिखित है?**

(a) कनाडा (b) इंग्लैंड
(c) यू.एस.ए. (d) जापान

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–ब्रिटेन का संविधान अलिखित संविधान है। जबकि कनाडा, जापान एवं संयुक्त राज्य अमेरिका का संविधान लिखित है। गौरतलब है कि ब्रिटेन की संसद को अन्य सभी देशों के संसदों की जननी कहा जाता है। ब्रिटेन में समय-समय पर बनाये गये अधिनियमों को संविधान के आधार के रूप में मान्यता दी जाती है। संसद वहाँ पर विधि का अन्तिम स्त्रोत है।

**3. निम्नलिखित में से कौन सा सैन्य संगठन नहीं है?**

(a) नाटो (b) सेन्टो
(c) सीटो (d) अमरीकी राज्यों का संगठन

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–अमेरिकी राज्यों का संगठन एक आर्थिक संगठन है न कि सैनिक संगठन। जबकि नाटो, सीटो एवं सेन्टो शीतयुद्ध के दौरान गठित एक सैनिक संगठन है।

**4. निम्नलिखित में से कौन अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के आदर्शवादी दृष्टिकोण का समर्थक नहीं है?**

(a) हर्बर्ट बटरफील्ड (b) ई.एच. कार
(c) जेम्स शॉटवैल (d) रीनहोल्ड निबूर

**उत्तर**–(*)

**व्याख्या**–प्रश्नगत विकल्प में हर्बर्ट बटरफील्ड, ई.एच.कार एवं रीनहोल्ड निबूर तीनों विचारक अर्न्तराष्ट्रीय राजनीति के आदर्शवादी दृष्टिकोण के समर्थक नहीं है। जबकि जेम्स शॉटवैल आदर्शवादी विचारधारा से सम्बन्धित है।

**5. सौदेबाजी सिद्धान्त का आधार है?**

(a) संधि वार्ता (b) राष्ट्रीय हित
(c) युद्ध (d) संघर्ष

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–संधिवार्ता या समझौता सौदेबाजी सिद्धांत का प्रमुख आधार है। अर्न्तराष्ट्रीय राजनीति का यह सिद्धांत राष्ट्रों के बीच सन्धि करके अर्न्तराष्ट्रीय सम्बन्धों को मधुर बनाने का प्रयास करता है।

**6. यूरोपियन एकता आन्दोलन का जनक है :**

(a) दि गॉल (b) कॉनार्ड एडन्योर
(c) जीन मोनेट (d) रॉबर्ट शुमैन

**उत्तर**–(*)

**व्याख्या**–यूरोपियन एकता आन्दोलन के जनक कॅानार्ड एडन्योर, जीन मोनेट तथा राबर्ट शुमैन है। ध्यातव्य है कि यूरोप में प्रारम्भ हुये इस एकता आन्दोलन में कई दार्शनिकों का योगदान रहा है।

**7. भारत-सोवियत संघ शान्ति, मैत्री व सहयोग संधि पर किस वर्ष हस्ताक्षर किये गये?**

(a) 1969 (b) 1970
(c) 1971 (d) 1972

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–शीतयुद्ध के दौरान 1971 में भारत एवं सोवियत संघ के मध्य शांति, मैत्री एवं सहयोग सन्धि पर हस्ताक्षर हुऐ थे। इसी समझौते के तहत भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में सोवियत संघ ने भारत की मदद की थी।

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

(i) उदारवादी वर्गीय अधीनस्थता के यंत्र के रूप में नौकरशाही की आलोचना करते हैं।
(ii) नवदक्षिणपंथ नौकरशाही की स्वार्थी और अयोग्य के रूप में व्याख्या करता है।
(iii) मार्क्सवादी खुलेपन और दायित्व बोध की कमी के लिए नौकरशाही की भर्त्सना करते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन गलत है/हैं?**

(a) केवल (i) और (ii) (b) केवल (ii) और (iii)
(c) केवल (i) और (iii) (d) सभी (i), (ii) और (iii)

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**– मार्क्सवाद खुलेपन और दायित्व बोध की कमी के लिए नौकरशाही की भर्त्सना नहीं करता है। ध्यातव्य है कि मार्क्सवाद का वैज्ञानिक विश्लेषण कार्ल मार्क्स द्वारा किया गया है।

**9. नाटो व वर्साय संधि के मध्य नि:शस्त्रीकरण संधि कब की गई?**

(a) 1990 (b) 1991
(c) 1992 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर**–(d)